Website: www.winews.in | Email: winews.in@gmail.com | दिल्ली, नोएडा, हापुड़, फरीदाबाद, मोदीनगर, मेरठ, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, रूड़की, हरिद्वार, देहरादून, मुरादाबाद, बुलंदशहर, अलीगढ़ मथुरा, आगरा, राजस्थान, पंजाब, बहराइच, रामपुर, लखनऊ, काशीपुर, देवबंद में प्रसारित

दैनिक
गाजियाबाद से प्रकाशित हिन्दी दैनिक

# वेलकम इंडिया

RNI NO. UPHIN/2018/76874
नये भारत की नई सोच

वर्ष: 07 अंक: 180 | गुरुवार, 09 जुलाई-2026 (गाजियाबाद) | पेज-8 | मूल्य-एक रुपया

## जम्मू-कश्मीर: शोपियां में 5 दिनों से जारी महा-ऑपरेशन में A+++ कैटेगरी का लश्कर कमांडर जाकिर गनी ढेर

**वेलकम इंडिया, नेटवर्क**

**जम्मू-कश्मीर।** जम्मू-कश्मीर के शोपियां जिले में सुरक्षा बलों को आतंकवाद के खिलाफ मोर्चे पर एक और बड़ी सफलता हाथ लगी है। पिछले पांच दिनों से दक्षिण कश्मीर के मीमंदर और सैदापोरा इलाके के घने बागों में चल रहे एक बड़े आतंकवाद-विरोधी अभियान (Anti-Terror Operation) में सुरक्षा बलों ने प्रतिबंधित संगठन लश्कर-ए-तैयबा के एक दुर्दांत आतंकवादी को मार गिराया है। मुठभेड़ में मारे गए इस आतंकी की पहचान जाकिर गनी के रूप में हुई है, जो सुरक्षा बलों की मोस्ट वॉन्टेड हिट-लिस्ट में 'A+++' कैटेगरी का कमांडर था।

सेना की राष्ट्रीय राइफल्स, केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल और जम्मू-कश्मीर पुलिस के स्पेशल ऑपरेशन्स ग्रुप का यह संयुक्त अभियान अभी भी जारी है, क्योंकि इलाके में एक और खूंखार आतंकी 'लतीफ' के छिपे होने की प्रबल आशंका है।

### 3 जुलाई से चल रहा था चक्रव्यूह: 5वें दिन मिली कामयाबी

सुरक्षा बलों को खुफिया सूत्रों से शोपियां के सैदापोरा और मीमंदर गांवों के बीच फैले एक विशाल और घने बाग वाले इलाके में दो भारी हथियारों से लैस आतंकवादियों की मौजूदगी की पुख्ता जानकारी मिली थी। सर्विलांस कैमरों में भी इन दोनों आतंकियों की संदिग्ध हरकतें कैद हुई थीं। इसके तुरंत बाद, 3 जुलाई को सुरक्षा बलों ने सात गांवों तक फैले इस पूरे बाग की कड़े घेराबंदी कर दी थी।

बुधवार (8 जुलाई) को ऑपरेशन के पांचवें दिन, मुठभेड़ स्थल से अचानक दोबारा भारी गोलीबारी की आवाजें सुनाई दीं। सुरक्षा बलों ने तुरंत मोर्चा संभालते हुए जवाबी कार्रवाई की। इस भारी गोलीबारी के शांत होने के बाद, जब इलाके में तलाशी ली गई तो वहां से लश्कर आतंकी जाकिर गनी का शव बरामद हुआ।




### लश्कर आतंकवादी ढेर: पुलिस

इस घटना की पुष्टि करते हुए जम्मू-कश्मीर पुलिस ने कहा कि सेना की राष्ट्रीय राइफल्स और केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल के साथ मिलकर चलाए गए एक संयुक्त ऑपरेशन के दौरान स्पेशल ऑपरेशन्स ग्रुप शोपियां ने लश्कर-ए-तैयबा के एक आतंकवादी को मार गिराया। J-K पुलिस ने पर एक पोस्ट में कहा, 'आप भाग तो सकते हैं, लेकिन छिप नहीं सकते! SOG शोपियां ने फ्फ़और CRPF के साथ मिलकर चलाए गए संयुक्त ऑपरेशन में लश्कर के एक आतंकवादी को मार गिराया।' आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में खास खुफिया जानकारी मिलने के बाद 3 जुलाई को सैदापोरा गाँव में शुरू हुआ आतंकवाद-विरोधी ऑपरेशन अब पाँचवें दिन में प्रवेश कर चुका है। सुरक्षा बल इलाके के चारों ओर कड़ा घेरा बनाए हुए हैं और किसी भी बचे हुए खतरे को खत्म करने और ऑपरेशन वाली जगह को पूरी तरह से सुरक्षित करने के लिए तलाशी अभियान जारी है। अधिकारियों ने कहा कि ऑपरेशन के औपचारिक रूप से खत्म होने और इलाके को पूरी तरह सुरक्षित घोषित किए जाने के बाद हथियार बरामदगी और ऑपरेशन से जुड़ी अन्य जानकारी साझा की जाएगी।

### सुरक्षा बलों की वॉन्टेड लिस्ट में जाकिर गनी

कुलगाम के रहने वाले जाकिर गनी 2024 में छीळ में शामिल हुए थे और सुरक्षा बलों की वॉन्टेड लिस्ट में उन्हें A+++ कैटेगरी में रखा गया था। इससे पहले, सर्विलांस कैमरों में दोनों आतंकवादियों की हरकतें कैद हो गई थीं। सुरक्षा बलों ने तुरंत उस बाग वाले इलाके की घेराबंदी कर दी, जो सात गांवों तक फैला हुआ है। घेरे में फंसे आतंकवादियों की पहचान लतीफ और जाकिर के तौर पर हुई है। कहा जा रहा है कि जब सेना के जवान उनके करीब पहुंचे, तो उन्होंने गोलीबारी शुरू कर दी, जिससे दोनों तरफ से मुठभेड़ शुरू हो गई। सेना की खास काउंटर-इंसर्जेंसी यूनिट, 'विक्टर फोर्स' ने इलाके में रोशनी करने के साथ-साथ बाग के घने पेड़ों के बीच से भागने के सभी संभावित रास्तों को बंद करने के लिए अतिरिक्त जवान भी तैनात किए। गर्मियों के मौसम में पेड़ों की घनी पत्तियां प्राकृतिक आड़ देती हैं, जिससे निगरानी करना मुश्किल हो जाता है और घेरे में फंसे आतंकवादी 'ब्लाइंड स्पॉट' (जहां से नजर नहीं पड़ती) का फायदा उठाकर घेराबंदी तोड़कर भागने की कोशिश कर सकते हैं। ऐतिहासिक रूप से शोपियां दक्षिण कश्मीर को मध्य कश्मीर और पीर पंजाल रेंज से जोड़ने वाला एक अहम ट्रांजिट कॉरिडोर रहा है। घेरे में फंसे आतंकवादियों की पहचान लतीफ और जाकिर के तौर पर हुई है। अधिकारियों के मुताबिक, जब सेना के जवान उनके करीब पहुंचे तो दोनों ने गोलीबारी शुरू कर दी, जिसके जवाब में सेना ने भी प्रभावी कार्रवाई की और मुठभेड़ शुरू हो गई।

## पुणे में मूसलाधार बारिश का कहर: कचरे का पहाड़ गिरने से बिल्डिंग ढही, कई लोग फंसे



**वेलकम इंडिया, नेटवर्क**

**नई दिल्ली।** पुणे के पिंपरी-चिंचवड़ में बुधवार को हुई भारी बारिश के बाद, पुराने कचरे का पहाड़ जैसा ढेर पास की तीन मंज़िला इमारत पर गिर गया, जिससे वह ढह गई। इस घटना में कम से कम 16 लोगों के मलबे में दबे होने की आशंका है। एक अधिकारी के अनुसार, यह घटना मोशी में हुई। यहाँ इमारत का इस्तेमाल एक प्राइवेट कंपनी के एडमिनिस्ट्रेटिव ऑफिस के तौर पर किया जा रहा था, जो नगर निकाय की ओर से उस जगह पर कचरे की प्रोसेसिंग का काम कर रही थी। पिंपरी-चिंचवड़ म्युनिसिपल कॉर्पोरेशन के कमिश्नर विजय सूर्यवंशी ने कहा कि पहली नजर में ऐसा लगता है कि भारी बारिश के कारण कचरे का ढेर ढीला हो गया और इमारत पर गिर गया। उन्होंने बताया कि प्राइवेट कंपनी के करीब 16 कर्मचारियों के इमारत के अंदर होने की आशंका है। उन्होंने कहा कि नेशनल डिजास्टर रिस्पॉन्स फोर्स, फायर ब्रिगेड और एम्बुलेंस की टीमें मौके पर पहुँच गई हैं और बचाव अभियान चल रहा है। पिंपरी-चिंचवड़ के मेयर रवि लांडगे ने कहा कि शहर में भारी बारिश की वजह से पानी का स्तर काफी बढ़ गया है। इसके कारण जमा हुआ कचरा और मलबा एक ऑफिस बिल्डिंग पर गिर गया, जिससे कंक्रीट का एक स्लैब भी ढह गया। उस समय ऑफिस के सोलह कर्मचारी वहां खाना खा रहे थे; दो लोग बाहर निकलने में कामयाब रहे, और बाकी लोगों को बचाने का काम अभी चल रहा है।

## बारुईपुर रेप-मर्डर केस में त्वरित न्याय! 11 साल की मासूम का हत्यारा ढेर, मां ने मांगी थी टुकड़े-टुकड़े करने की सजा

**वेलकम इंडिया, नेटवर्क**

**बारुईपुर।** बारुईपुर में एक लड़की से दुष्कर्म और उसके बाद हत्या करने के मामले का एक आरोपी बुधवार तड़के पुलिस मुठभेड़ में मारा गया। एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि घटनाक्रम को समझने के लिए आरोपी को मंगलवार रात बारुईपुर के सूर्यपुर ले जाया गया था। पुलिस अधिकारी के अनुसार, आरोपी ने कथित तौर पर एक पुलिसकर्मी से हथियार छीन लिया और भागने का प्रयास किया। उन्होंने बताया कि उसने पुलिस टीम पर कथित तौर पर गोलियां भी चलाईं, जिसके बाद पुलिसकर्मियों को आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई करनी पड़ी।

पुलिस ने बताया कि इस दौरान गोली लगने से आरोपी घायल हो गया और उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। अधिकारी ने बताया कि आरोपी इस मामले के मुख्य संदिग्धों में से एक था और लड़की से कथित दुष्कर्म और उसकी हत्या से पहले आरोपी को सीसीटीवी फुटेज में लड़की के साथ देखा गया था। उन्होंने बताया कि इस मामले में जांच जारी है।

### मां की भावुक अपील ने ध्यान खींचा था



इससे पहले, मोंडल की मां ने भावुक अपील करते हुए मांग की थी कि अगर उसका बेटा दोषी पाया जाता है तो उसे कड़ी से कड़ी सजा दी जाए। पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने कहा था, 'उसे फांसी दो या टुकड़े-टुकड़े कर दो, उसे वही सजा दो जिसका वह हकदार है। मैं यह एक मां के तौर पर कह रही हूं। मैं खुद उसे पुलिस के हवाले कर देती।' अधिकारी ने बताया कि आरोपी इस मामले में मुख्य संदिग्धों में से एक था और लड़की के कथित रेप और हत्या से पहले CCTV फुटेज में उसे पीड़िता के साथ देखा गया था।

### बंगाल की उट ने पुलिस रिपोर्ट मांगी

यह घटनाक्रम पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री द्वारा मंगलवार को पुलिस महानिदेशक को बारुईपुर में एक नाबालिग के रेप-मर्डर मामले में रिपोर्ट सौंपने का निर्देश देने के एक दिन बाद हुआ है। अधिकारी ने यह भी कहा कि पहचान किए गए लगभग 200 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी, जिन्होंने रविवार को 11 साल की लड़की का शव मिलने के बाद हुए विरोध प्रदर्शन के दौरान कथित तौर पर सार्वजनिक संपत्ति में तोड़फोड़ की और पुलिस वाहनों व रेलवे ट्रैक को नुकसान पहुंचाया।

रविवार को लड़की का शव मिलने के कुछ घंटों बाद, लड़की की मौत में शामिल होने के शक में गुस्साई भीड़ ने एक व्यक्ति की पीट-पीटकर हत्या कर दी। रेप-मर्डर मामले के सिलसिले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया। मामले की जांच के लिए छह सदस्यीय विशेष जांच दल का गठन किया गया था।

## नीट के बाद यूजीसी-नेट भी लीक! राहुल गांधी का आरोप, लाखों छात्रों का भविष्य दांव पर

**वेलकम इंडिया, नेटवर्क**

**नई दिल्ली।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने UGC-NET परीक्षा का पेपर लीक होने की आशंका जताई है। कांग्रेस सांसद का यह आरोप तब आया है, जब यूनिवर्सिटी ग्रांट्स कमीशन नेशनल एलिजिबिलिटी टेस्ट (UGC-NET) के सोशियोलॉजी पेपर में शामिल हुए कई उम्मीदवारों ने परीक्षा के पेपर में व्याकरण और स्पेलिंग की गलतियों की शिकायत की थी। NEET UG पेपर लीक के कारण देशभर में हुए विरोध-प्रदर्शनों के बाद गांधी ने पर यह पोस्ट किया है। इन प्रदर्शनों में छात्रों, विपक्ष और छात्र संगठनों ने सख़्त कार्रवाई और शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग की है। अखबार बुधवार को '' पर गांधी ने UGC-NET सोशियोलॉजी पेपर से जुड़े कई आरोपों का ज़िक्र किया। कांग्रेस सांसद ने यह भी कहा कि पेपर लीक हो गया था और भारत के कुछ हिस्सों में इसे कुल 2.25 लाख में बेचा जा रहा था। गांधी ने '' पर लिखा कि UGC-NET परीक्षा से ठीक पहले 100 पेज की एक PDF सकुर्लेट की गई थी। यह PDF क्वेश्चन पेपर सेट करने से जुड़ी है, जो सिर्फ.NTA के पास होता है। PDF में लगभग 90 सवाल असली सोशियोलॉजी क्वेश्चन पेपर के सवालों से मेल खाते हैं। यही



क्वेश्चन पेपर बिहार, उत्तर प्रदेश, हरियाणा, दिल्ली और राजस्थान में 2.25 लाख में बेचा जा रहा था। उन्होंने यह भी कहा कि यही नेटवर्क CSIR-NET, HTET और ADA जैसी परीक्षाओं के लिए भी क्वेश्चन पेपर उपलब्ध करा रहा था। कांग्रेस नेता ने आगे लिखा कि NEET और NET में बार-बार हुए घोटालों के बावजूद मोदी सरकार आँखें मूंदे हुए है और चैन की नींद सो रही है, क्योंकि लाखों छात्रों की सालों की कड़ी मेहनत–दिन-रात एक करके की गई पढ़ाई–उनके लिए कोई मायने नहीं रखती। राहुल गांधी ने दैनिक भास्कर की उस रिपोर्ट का हवाला दिया जिसमें आरोप लगाया गया था कि 30 जून की परीक्षा से पहले ही यूजीसी-नेट का प्रश्नपत्र लीक हो गया था। रिपोर्ट के अनुसार, रोहतक में दो छात्र नेताओं ने एक वीडियो जारी किया जिसमें कथित समाजशास्त्र प्रश्नपत्र की सामग्री स्क्रीन पर दिखाई गई थी।

## अस्पताल में डॉक्टर्स पर बरसाए थप्पड़, सीसीटीवी फुटेज वायरल होने के बाद शिव सेना पार्षद गिरफ्तार

**वेलकम इंडिया, नेटवर्क**

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र पुलिस ने बुधवार को शिवसेना के कॉर्पोरेटर रमेश म्हात्रे को गिरफ़्तार किया। उन्होंने कुछ दिन पहले महाराष्ट्र के कल्याण-डोंबिवली इलाके में एक म्युनिसिपल अस्पताल के अंदर दो डॉक्टरों के साथ मारपीट की थी।

यह गिरफ़्तारी तब हुई जब सोमवार को डोंबिवली के एक सरकारी अस्पताल में हुई इस घटना का CCTV वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आया, जिससे मेडिकल जगत में भारी गुस्सा और विरोध फैल गया। अस्पताल प्रशासन के अनुसार, यह घटना तब शुरू हुई जब एक महिला का सिजेरियन ऑपरेशन से बच्चा हुआ।

डॉक्टरों ने पाया कि नवजात शिशु को खास इलाज की जरूरत थी क्योंकि गर्भनाल बच्चे के गले में दो बार लिपटी हुई थी। हालांकि, प्रशासन ने बताया कि अस्पताल का नियोनेटल इंटेंसिव केयर यूनिट भरा हुआ था, इसलिए बच्चे को भर्ती करना मुमकिन नहीं था।

इसके बाद डॉक्टरों ने परिवार को सलाह दी कि वे बच्चे को आगे के इलाज के लिए किसी दूसरे अस्पताल ले जाएं। आरोप है कि



इसके बाद मरीज के रिश्तेदारों ने कॉरपोरेटर म्हात्रे से संपर्क किया। चूंकि डॉक्टर दूसरे मरीजों का इलाज कर रहे थे और उनके फोन का जवाब नहीं दे पाए, इसलिए कॉरपोरेटर अपने कई साथियों के साथ अस्पताल पहुँच गए।

CCTV फुटेज में म्हात्रे और कुछ लोगों का ग्रुप अस्पताल में घुसते और दो गायनेकोलॉजिस्ट डॉ. सृष्टि बाविस्कर और डॉ. वैभव सालुंखे के साथ मारपीट करते हुए दिखाई दिया। डॉक्टरों ने यह भी आरोप लगाया कि कॉर्पोरेटर ने मामले से जुड़ी मेडिकल स्थितियों को समझे बिना ही उनके साथ बदसलूकी की। इस हमले में डॉ. सालुंखे घायल हो गए, जबकि डॉक्टरों को बचाने के लिए बीच-बचाव करने वाली दो नर्सों, नमिता उबाले और द्रव्य गिरी के साथ भी धक्का-मुक्की और बदसलूकी की गई।


डॉक्टरों ने यह भी आरोप लगाया कि अस्पताल से निकलते समय म्हात्रे ने उन्हें और दूसरे स्टाफ सदस्यों को धमकी दी और कहा कि अस्पताल के बाहर आओ, मैं तुम्हें खत्म कर दूंगा।

हालांकि, म्हात्रे ने इस घटना पर खेद जताया, लेकिन महिला डॉक्टर के साथ मारपीट करने से इनकार किया।

## जयराम रमेश का तंज: पर्यावरण मंत्रालय बना प्रवचन मंत्रालय, प्रशासन फेल

**वेलकम इंडिया, नेटवर्क**

**नई दिल्ली।** पर्यावरण मंत्री भूपेंद्र यादव के चार करीबी सहयोगियों को दो दिनों के भीतर हटाए जाने के बाद, बुधवार को कांग्रेस ने केंद्रीय पर्यावरण मंत्रालय पर शासन-व्यवस्था के चरमराने का आरोप लगाया। पूर्व पर्यावरण मंत्री और कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने आरोप लगाया कि मंत्रालय देश के पर्यावरण और जंगलों की सुरक्षा करने में नाकाम रहा है। उन्होंने यह भी कहा कि पर्यावरण मंत्रालय अब 'प्रवचन मंत्रालय' बन गया है। रमेश ने पर एक पोस्ट में कहा कि मोदी सरकार के कार्यकाल में, मंत्रियों के पर्सनल स्टाफ में सभी अहम नियुक्तियों की जाँच PMO करता है। अब पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री के 4 करीबी सहयोगियों को लगातार दो दिनों में दो बैच में हटा दिया गया है। इनमें से एक सहयोगी को मंत्री का सबसे करीबी और भरोसेमंद व्यक्ति माना जाता है।



उन्होंने आरोप लगाया कि साफ है कि इस अहम मंत्रालय में कामकाज का सिस्टम पूरी तरह से चरमरा गया है। इसने हाल के वर्षों में पर्यावरण और जंगलों की सुरक्षा और जलवायु परिवर्तन के असर से निपटने के लिए बहुत कम काम किया है। कांग्रेस नेता ने दावा किया कि देश भर में पर्यावरण को नुकसान पहुँचाने का सिलसिला लगातार जारी है, जिसमें ग्रेट निकोबार, मध्य और पूर्वी भारत के घने जंगल, अरावली रेंज और जैव-विविधता वाले अन्य इलाके शामिल हैं।

## बद्रीनाथ चढ़ावा चोरी केस में आरोपी पर एफआईआर दर्ज, 15 दिन में रिपोर्ट देगी हाई लेवल कमेटी

**वेलकम इंडिया, नेटवर्क**

**नई दिल्ली।** उत्तराखंड के बद्रीनाथ धाम में कथित चढ़ावा चोरी के मामले ने अब कानूनी मोड़ ले लिया है। शुरूआती जांच में आरोप पहली नजर में सही पाए जाने के बाद आरोपी कर्मचारी प्रमोद नौटियाल के खिलाफ एफआईआर दर्ज कर दी गई है। वहीं, मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पूरे मामले की हाई लेवल जांच के आदेश देते हुए 15 दिन में रिपोर्ट मांगी है। चढ़ावा चोरी मामले में आरोपी कर्मचारी प्रमोद नौटियाल के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 306 और 316(5) के तहत मामला दर्ज किया गया है। इससे पहले मंगलवार को प्रारंभिक जांच में आरोप पहली नजर में सही पाए जाने के बाद उन्हें निलंबित कर दिया गया था। 4 जुलाई को बीकेटीसी अध्यक्ष द्वारा जांच समिति गठित किए जाने के तीन दिन बाद, जब समिति बद्रीनाथ पहुंची, तो चढ़ावा चोरी के आरोपी और अध्यक्ष के निजी सचिव प्रमोद नौटियाल पर कार्रवाई करते हुए उसे निलंबित कर दिया गया।

### एफआईआर में क्या कहा गया?

बद्री-केदार मंदिर समिति की तरफ से दर्ज कराई गई एफआईआर में कहा गया है कि प्रारंभिक जांच रिपोर्ट के आधार पर यह प्रथम द्दष्टया पुष्टि हुई कि सुबह करीब 9 बजे से 9:30 बजे के बीच प्रमोद नौटियाल ने थाली भेंट गणना स्थल से अवैध रूप से धनराशि उठाई थी। इसी आधार पर उन्हें




कार्यालय आदेश के तहत निलंबित किया गया। एफआईआर में आगे कहा गया है कि 7 जुलाई 2026 के कार्यालय आदेश के मुताबिक, संबंधित कर्मचारी के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने के निर्देश दिए गए थे। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि प्रमोद नौटियाल ने मंदिर की थाली भेंट में आई धनराशि को अवैध रूप से अपने निजी हित में अपने साथ ले जाने का प्रयास किया, जिसके आधार पर उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू की गई है।

### जांच में क्या मिला है?

बीकेटीसी जांच समिति के मुताबिक, शुरूआती जांच में आरोप पहली नजर में सही पाए गए हैं। इसके साथ ही, जांच प्रभावित न हो, इसलिए उन्हें सस्पेंड किया गया है। नौटियाल को जोशीमठ स्थित बीकेटीसी कार्यालय से संबद्ध कर दिया गया है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गढ़वाल कमिश्नर की अध्यक्षता में जांच के आदेश भी दे दिए हैं, जो अब मौजूदा जांच समिति से विवेचना अपने हाथ में ले लेगी। समिति की अध्यक्षता गढ़वाल मंडल के आयुक्त आनंद स्वरूप करेंगे। इसमें राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के प्रबंध निदेशक संदीप तिवारी और चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग के निदेशक (वित्त) जगत सिंह चौहान सदस्य होंगे। सरकार के आदेश के मुताबिक, समिति पूरे मामले की जांच करेगी और 15 दिन के अंदर अपनी रिपोर्ट शासन को सौंपेगी। जरूरत पड़ने पर समिति किसी भी अधिकारी या विशेषज्ञ से जानकारी ले सकेगी। इसके साथ ही, दान और चढ़ावे की व्यवस्था को अधिक पारदर्शी बनाने के लिए भी सुझाव देगी।

### निर्णायक साबित होगी जांच?

3 जुलाई को भैरव सेना द्वारा देश के सबसे पवित्र चारधामों में से एक बद्रीनाथ धाम में कथित चढ़ावा चोरी का खुलासा किया गया। इसके साथ ही, बीकेटीसी के मौजूदा सीईओ सोहन सिंह ने बयान दिया की सीसीटीवी जांच में कुछ स्पष्ट नहीं दिख रहा है और उसी दिन बीकेटीसी ने बीकेटीसी अध्यक्ष के निजी सचिव प्रमोद नौटियाल को कारण बताओ नोटिस जारी किया था।

## संपादक की कलम से

# सम्मान नहीं, रणनीतिक विश्वास की मुहर है 'बिंतांग आदिपूर्णा'



ललित शर्मा
संपादक

कूटनीति की असली ताकत हाथ मिलाने, औपचारिक स्वागत या साझा तस्वीरों में नहीं, बल्कि उस विश्वास में दिखाई देती है, जिसे कोई राष्ट्र अपने सर्वोच्च सम्मान के जरिए सार्वजनिक रूप से स्वीकार करता है। जकार्ता में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इंडोनेशिया के सर्वोच्च नागरिक सम्मान 'बिंतांग आदिपूर्णा' से सम्मानित किया जाना ऐसा ही ऐतिहासिक क्षण था। फाइटर जेट्स की सलामी और राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो के आत्मीय स्वागत ने स्पष्ट कर दिया कि भारत–इंडोनेशिया संबंध अब केवल साझा सांस्कृतिक विरासत तक सीमित नहीं हैं। यह सम्मान दोनों देशों के बीच रणनीतिक विश्वास, साझा भविष्य और क्षेत्रीय जिम्मेदारियों की नई साझेदारी का प्रतीक है। सदियों पुरानी मित्रता अब रक्षा, डिजिटल प्रौद्योगिकी, समुद्री सुरक्षा और आर्थिक सहयोग जैसे नए आधारों पर कहीं अधिक सशक्त होकर उभर रही है। 'बिंतांग आदिपूर्णा' स्वीकार करते ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उसे 140 करोड़ भारतीयों के नाम कर दिया। यही उस सम्मान का सबसे बड़ा अर्थ भी था। स्वतंत्र भारत में जवाहरलाल नेहरू ( 1995 में मरणोपरांत) के बाद वे दूसरे भारतीय प्रधानमंत्री हैं जिन्हें यह सम्मान मिला है। वर्ष 1959 में स्थापित यह अलंकरण उन व्यक्तित्वों को दिया जाता है, जिन्होंने इंडोनेशिया की एकता, स्थिरता और समृद्धि में उल्लेखनीय योगदान दिया हो। किसी विदेशी नेता का इससे सम्मानित होना भारत की बढ़ती वैश्विक प्रतिष्ठा, विश्वसनीय नेतृत्व और दोनों देशों के बीच गहरे होते रणनीतिक विश्वास का प्रमाण है। गणतंत्र दिवस 2025 पर राष्ट्रपति प्रबोवो सुबियांतो की भारत यात्रा के बाद हुआ यह जवाबी दौरा भी स्पष्ट करता है कि भारत–इंडोनेशिया संबंध अब केवल औपचारिक कूटनीति नहीं, बल्कि परिणाम देने वाली रणनीतिक साझेदारी में बदल चुके हैं। इस यात्रा की सबसे बड़ी उपलब्धि रक्षा सहयोग रही, जिसने भारत–इंडोनेशिया संबंधों को नई रणनीतिक ऊंचाई दी। दोनों देशों के बीच हुए 16 समझौतों में रक्षा क्षेत्र सबसे अहम रहा। ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल की अतिरिक्त बैटरियों की खरीद, एस्ट्रा बियॉन्ड विजुअल रेंज एयर–टू–एयर मिसाइल से जुड़े समझौते और संयुक्त उत्पादन की संभावनाओं ने साबित कर दिया कि भारत अब केवल हथियार आयातक नहीं, बल्कि विश्वसनीय रक्षा प्रौद्योगिकी साझेदार बन चुका है। 'ऑपरेशन सिंदूर' में एस्ट्रा मिसाइल के युद्ध–प्रमाणित प्रदर्शन ने इंडोनेशिया का भरोसा और मजबूत किया। फिलीपींस के बाद इंडोनेशिया का ब्रह्मोस से जुड़ना भारत के रक्षा निर्यात के लिए एक और बड़ी उपलब्धि होगी। ये समझौते केवल हथियारों के सौदे नहीं, बल्कि हिंद–प्रशांत की सुरक्षा व्यवस्था को अधिक संतुलित, सक्षम और मजबूत बनाने की दिशा में निर्णायक कदम हैं। रणनीतिक दृष्टि से साबांग पोर्ट का संयुक्त विकास इस यात्रा की सबसे दूरगामी उपलब्धियों में है। मलक्का जलडमरूमध्य के निकट स्थित यह बंदरगाह वैश्विक समुद्री व्यापार का अहम केंद्र है और ग्रेट निकोबार परियोजना से इसकी निकटता भारत के लिए इसे और अधिक महत्वपूर्ण बनाती है। इससे समुद्री सुरक्षा, आपदा प्रबंधन, नौवहन और व्यापारिक लॉजिस्टिक्स में दोनों देशों की क्षमता मजबूत होगी। वहीं, निकल, स्टील और रेयर अर्थ मैग्नेट्स जैसे क्रिटिकल मिनरल्स में निवेश पर सहमति भविष्य की औद्योगिक अर्थव्यवस्था के लिए निर्णायक कदम है।

## मेघा छाई रूत प्यार की आई

उदय किशोर साह



कविता

काली मेघा आसमां पे है छाई
वर्षा रानी संग संग धरा पे आई
प्रेम प्रीत की पड़ रही है फुहार
भीगा भीगा मौसम गुल गुलजार

नव तरूवर ने ली है अंगड़ाई
मोहब्बत की बीज दिल में छुपाई
दादुर मस्त हो छेड़ दी है सुर ताल
नदियाँ उफान पे द्रुत गति चाल

चारों ओर धरा पे है हरियाली
वन उपवन संग संग झूमे है माली
पर्वत ने कर ली हरितमा श्रृंगार
रूत है प्यार की दिल की है पुकार

बेली चमेली मन ही मन मुस्कुराई
अधर पान मधुकर से कलि शरमाई
पुरवाई मचा रही है कितनी शोर
कितना मनोहर है ये आज की भोर

आओ प्रिये तुमको नदी की सैर कराऊँ
मीठी मीठी मन की प्रेम गीत सुनाऊँ
प्यार की बह रही है मस्ती की बयार
गले लग जा प्रिये कर लुँ हम दोनों प्यार

स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक ललित कुमार द्वारा वेलकम इंडिया प्रिन्टर्स, 1/26, साउथ साइड, जी टी रोड़, गाजियाबाद-201001 से मुद्रित कराकर ग्राउन्ड फ्लोर, दुर्गा टॉवर, आर.डी.सी राजनगर, गाजियाबाद 201002 से प्रकाशित किया। संपादक : ललित शर्मा
सम्पर्क सूत्रः 9891116568

किसी कानूनी विवाद की स्थिति में निपटारा गाजियाबाद न्यायालय में ही होगा।

# न्याय की प्रतीक्षा में नागरिक: व्यवस्था की देरी या लोकतंत्र की विफलता?



एन0के0शर्मा
लेखक

किसी भी सभ्य राष्ट्र की वास्तविक शक्ति उसकी सेना, अर्थव्यवस्था या तकनीकी प्रगति से नहीं, बल्कि उसके न्याय पर जनता के विश्वास से आँकी जाती है। लोकतंत्र का सबसे सशक्त स्तंभ न्यायपालिका इसलिए माना गया है क्योंकि वही नागरिक और सत्ता के बीच अंतिम संतुलन स्थापित करती है। संविधान नागरिकों को अधिकार देता है, शासन उन्हें लागू करने का प्रयास करता है, किंतु जब इन अधिकारों का हनन होता है तो न्यायपालिका ही वह अंतिम द्वार होती है जहाँ नागरिक आशा लेकर पहुँचता है। यदि वही द्वार वर्षों तक बंद प्रतीत होने लगे, यदि न्याय की प्रक्रिया ही दंड का रूप ले ले, यदि न्याय पाने की प्रतीक्षा किसी व्यक्ति के जीवनकाल से भी लंबी हो जाए, तब प्रश्न केवल न्यायिक व्यवस्था पर नहीं, बल्कि लोकतंत्र की आत्मा पर भी उठने लगता है।

कहा गया है-'विलंबित न्याय, न्याय से वंचित करना है।' यह केवल एक कानूनी सिद्धांत नहीं, बल्कि करोड़ों लोगों के जीवन का कठोर यथार्थ है। एक मुकदमा केवल कागजों का पुलिंदा नहीं होता; उसके पीछे किसी परिवार का भविष्य, किसी किसान की भूमि, किसी महिला की गरिमा, किसी श्रमिक की आजीविका, किसी व्यापारी की पूँजी, किसी वृद्ध की जीवनभर की कमाई और किसी नागरिक का आत्मसम्मान जुड़ा होता है। न्याय में देरी का अर्थ केवल निर्णय में देरी नहीं, बल्कि जीवन के अवसरों, मानसिक शांति और सामाजिक प्रतिष्ठा का धीरे-धीरे क्षरण भी है। भारत विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र है और इसकी न्यायिक परंपरा गौरवशाली रही है। अनेक ऐतिहासिक निर्णयों ने संविधान की गरिमा को सुरक्षित रखा है, नागरिक स्वतंत्रताओं का विस्तार किया है और शासन को उत्तरदायी बनाया है। किंतु इसी न्याय व्यवस्था के समक्ष लंबित मामलों का बढ़ता बोझ, न्यायाधीशों के रिक्त पद, अधोसंरचना की कमी, बार-बार स्थगन की संस्कृति, जटिल प्रक्रियाएँ और मुकदमों की अत्यधिक लागत जैसे प्रश्न लगातार चुनौती बने हुए हैं। न्याय का मंदिर जितना पवित्र है, उतना ही आवश्यक है कि उसके द्वार आम नागरिक के लिए सुलभ, त्वरित और विश्वासप्रद बने रहें। कल्पना कीजिए उस वृद्ध व्यक्ति की जिसने अपनी पुश्तैनी भूमि बचाने के लिए युवावस्था में मुकदमा दायर किया था और अंतिम निर्णय उसके पोते की आयु में जाकर आया। उस महिला की पीड़ा को समझिए जिसने घरेलू हिंसा या संपत्ति के अधिकार के लिए न्याय माँगा, किंतु वर्षों तक अदालतों के चक्कर लगाती रही। उस छोटे व्यापारी को देखिए जिसकी पूँजी एक विवाद में फँस गई और मुकदमा समाप्त होने तक उसका व्यवसाय ही समाप्त हो गया। ऐसे लाखों उदाहरण यह बताते हैं कि न्याय में विलंब केवल एक प्रशासनिक समस्या नहीं, बल्कि मानवीय संवेदनाओं का गहरा संकट भी है। न्यायिक प्रक्रिया की जटिलता भी एक गंभीर प्रश्न है। सामान्य नागरिक कानून की भाषा नहीं समझता। उसे अधिवक्ता, दस्तावेज, तारीखें, प्रक्रियाएँ और खर्च-सब कुछ एक साथ झेलना पड़ता है। न्याय पाने की यात्रा कई बार इतनी कठिन हो जाती है कि लोग अपने अधिकारों से समझौता करना अधिक आसान समझने लगते हैं।

जब नागरिक न्याय माँगने से पहले यह सोचने लगे कि मुकदमा लड़ने की क्षमता उसके पास नहीं है, तब लोकतंत्र के समानता के सिद्धांत पर प्रश्नचिह्न लगना स्वाभाविक है। यह भी विचारणीय है कि न्यायालयों में लंबित मामलों की संख्या केवल न्यायपालिका की समस्या नहीं है। इसके पीछे अनेक स्तरों पर प्रशासनिक और संस्थागत कमियाँ भी हैं। जाँच एजेंसियों की विलंबित विवेचना, विभागीय लापरवाही, अनावश्यक अपीलें, सरकारी मुकदमेबाजी की अधिकता, पुलिस अनुसंधान की गुणवत्ता, तकनीकी विशेषज्ञता का अभाव और वैकल्पिक विवाद निस्तारण तंत्र का सीमित उपयोग-ये सभी कारण न्यायिक बोझ को बढ़ाते हैं। यदि शासन समय पर और निष्पक्ष निर्णय ले, यदि प्रशासनिक स्तर पर विवादों का समाधान प्रभावी ढंग से हो, तो बड़ी संख्या में मामले अदालत तक पहुँचने से पहले ही समाप्त हो सकते हैं। लोकतंत्र में न्यायपालिका केवल निर्णय देने वाली संस्था नहीं, बल्कि नागरिक विश्वास की संरक्षक भी है। न्यायालयों ने अनेक अवसरों पर संविधान की मूल भावना की रक्षा की है, अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को सुदृढ़ किया है, पर्यावरण संरक्षण को नया आयाम दिया है, महिलाओं, बच्चों, श्रमिकों और वंचित वर्गों के अधिकारों को मजबूती प्रदान की है। यही कारण है कि आज भी अंतिम आशा न्यायपालिका से ही जुड़ी रहती है। किंतु आशा तभी स्थायी रहती है जब उसके साथ समयबद्ध परिणाम भी जुड़ें। प्रौद्योगिकी ने न्यायिक व्यवस्था में नए अवसर प्रस्तुत किए हैं। ई-कोर्ट, वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग, डिजिटल रिकॉर्ड, ऑनलाइन फाइलिंग और कृत्रिम बुद्धिमत्ता आधारित दस्तावेज प्रबंधन जैसे प्रयास न्यायिक दक्षता बढ़ा सकते हैं। किंतु तकनीक केवल सहायक माध्यम है, समाधान नहीं। न्याय की आत्मा मानवीय संवेदनशीलता, निष्पक्षता और विधिक विवेक में निहित है। मशीनें प्रक्रिया को तेज कर सकती हैं, परंतु न्याय का विवेक केवल स्वतंत्र और सक्षम न्यायाधीश ही प्रदान कर सकते हैं। सुधार की दिशा में सबसे पहले न्यायाधीशों के रिक्त पद शीघ्र भरे जाने चाहिए। अधीनस्थ न्यायालयों की संख्या और क्षमता बढ़ानी होगी। मुकदमों के अनावश्यक स्थगन पर कठोर नियंत्रण आवश्यक है। सरकारी विभागों को अनावश्यक अपीलों से बचना चाहिए, क्योंकि सरकार स्वयं देश की सबसे बड़ी वादकारी है। पुलिस अनुसंधान को वैज्ञानिक और उत्तरदायी बनाना होगा। मध्यस्थता, लोक अदालतों और वैकल्पिक विवाद निस्तारण प्रणाली को अधिक प्रभावी बनाना होगा ताकि छोटे और मध्यम विवाद शीघ्र सुलझ सकें। न्यायिक शिक्षा, आधुनिक अधोसंरचना और डिजिटल प्रबंधन में निवेश भी समय की माँग है। सबसे महत्वपूर्ण सुधार न्याय की संस्कृति में होना चाहिए। न्याय केवल अदालतों की ज़िम्मेदारी नहीं, बल्कि शासन, प्रशासन, विधि-व्यवस्था, विधायिका, अधिवक्ता समुदाय और नागरिक समाज-सभी की साझा जिम्मेदारी है। यदि प्रत्येक संस्था अपनी भूमिका समयबद्ध, पारदर्शी और उत्तरदायी ढंग से निभाए, तो न्यायालयों पर बोझ स्वतः कम होगा और नागरिकों का विश्वास और अधिक सुदृढ़ होगा। एक राष्ट्र तभी महान कहलाता है जब वहाँ सबसे कमजोर नागरिक भी यह विश्वास रख सके कि उसके साथ अन्याय होने पर उसे समय पर और निष्पक्ष न्याय मिलेगा। लोकतंत्र की सफलता केवल चुनावों की नियमितता से नहीं, बल्कि न्याय की उपलब्धता से मापी जाती है। संविधान की गरिमा तभी सुरक्षित रहती है जब उसके द्वारा प्रदत्त अधिकार व्यवहारिक जीवन में भी समान रूप से उपलब्ध हों। न्याय केवल एक आदेश नहीं, बल्कि सभ्यता का नैतिक आधार है। यह समाज को प्रतिशोध से संवाद की ओर, अराजकता से विधि के शासन की ओर और निराशा से विश्वास की ओर ले जाता है। जब न्याय समय पर मिलता है तो केवल एक मुकदमे का अंत नहीं होता, बल्कि नागरिक और राष्ट्र के बीच विश्वास का एक नया अध्याय प्रारंभ होता है। परंतु जब न्याय वर्षों तक प्रतीक्षा में कैद रहता है, तब अदालतों के बाहर खड़ा प्रत्येक नागरिक अनायास ही यह प्रश्न पूछने लगता है-क्या मैं न्याय की प्रतीक्षा कर रहा हूँ, या व्यवस्था की सीमाओं का मौन साक्षी बन चुका हूँ? आज आवश्यकता किसी एक संस्था को दोषी ठहराने की नहीं, बल्कि संपूर्ण न्याय तंत्र पर गंभीर राष्ट्रीय मंथन की है। न्यायपालिका की स्वतंत्रता, प्रशासन की जवाबदेही, विधायिका की दूरदर्शिता और समाज की विधि-निष्ठा-इन चारों का संतुलन ही लोकतंत्र को स्थायी बनाता है। यदि यह संतुलन कमजोर पड़ता है तो लोकतंत्र का बाहरी ढाँचा भले सुरक्षित दिखाई दे, उसकी आत्मा धीरे-धीरे क्षीण होने लगती है। अंततः प्रश्न केवल यह नहीं है कि न्याय कब मिलेगा; वास्तविक प्रश्न यह है कि क्या भारत का प्रत्येक नागरिक अपने जीवनकाल में न्याय पाने का विश्वास रख सकता है। जिस दिन इस प्रश्न का उत्तर पूरे आत्मविश्वास के साथ 'हाँ' होगा, उसी दिन भारतीय लोकतंत्र अपनी सबसे बड़ी नैतिक विजय प्राप्त करेगा। तब न्याय केवल न्यायालयों की चारदीवारी में नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक के विश्वास, प्रत्येक परिवार की सुरक्षा और प्रत्येक संवैधानिक अधिकार की जीवंत अनुभूति में दिखाई देगा। यही किसी भी लोकतांत्रिक गणराज्य की सबसे बड़ी सफलता होगी।



# एआई के लिए रामानुजन चुनौती: क्या मशीनें मानवीय प्रतिभा की बराबरी कर सकती हैं?




डॉ विजय गर्ग
लेखक

कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) ने पिछले कुछ वर्षों में अभूतपूर्व प्रगति की है। आज एआई जटिल गणितीय समस्याओं को हल कर सकती है, वैज्ञानिक अनुसंधान में सहायता कर सकती है और नई खोजों के द्वार खोल रही है। फिर भी एक महत्वपूर्ण प्रश्न बना हुआ है-क्या एआई कभी महान गणितज्ञ श्रीनिवास रामानुजन जैसी अद्वितीय प्रतिभा, अंतर्ज्ञान और रचनात्मकता प्राप्त कर सकेगी? यही प्रश्न 'एआई के लिए रामानुजन चुनौती' के रूप में देखा जाता है।

श्रीनिवास रामानुजन भारतीय गणित के इतिहास के ऐसे विलक्षण प्रतिभाशाली व्यक्तित्व थे, जिन्होंने सीमित औपचारिक शिक्षा के बावजूद गणित के क्षेत्र में हजारों मौलिक सूत्रों और सिद्धांतों का प्रतिपादन किया। उनकी अनेक खोजों ने उस समय के विश्वप्रसिद्ध गणितज्ञों को भी आश्चर्यचकित कर दिया था। उनके कार्यों में गहरी अंतर्दृष्टि, कल्पनाशीलता और असाधारण गणितीय संवेदनशीलता दिखाई देती है। आज भी उनके कई विचारों पर शोध जारी है। दूसरी ओर, आधुनिक एआई प्रणालियाँ विशाल मात्रा में उपलब्ध आँकड़ों, एल्गोरिद्म और सांख्यिकीय पैटर्न के आधार पर कार्य करती हैं। वे पूर्व उपलब्ध जानकारी से सीखकर नए निष्कर्ष निकालती हैं। उनकी सबसे बड़ी शक्ति तीव्र गति से गणना करना और बड़ी मात्रा में सूचनाओं का विश्लेषण करना है। लेकिन क्या यह क्षमता वास्तविक रचनात्मकता और अंतर्ज्ञान के समान है, यह एक महत्वपूर्ण बहस का विषय है। रामानुजन की विशेषता यह थी कि वे अनेक बार ऐसे गणितीय सूत्र प्रस्तुत करते थे, जिनका तत्काल कोई स्पष्ट तर्क या प्रमाण उपलब्ध नहीं होता था। बाद में अन्य गणितज्ञों ने उन सूत्रों की सत्यता सिद्ध की। यह तथ्य बताता है कि मानव मस्तिष्क में ऐसी अंतर्निहित क्षमताएँ हैं, जिन्हें केवल आँकड़ों और नियमों के माध्यम से समझना आसान नहीं है। एआई के सामने सबसे बड़ी चुनौती केवल समस्याओं को हल करना नहीं, बल्कि नए और मौलिक विचार उत्पन्न करना है। मानव रचनात्मकता अनुभव, भावनाओं, जिज्ञासा, कल्पना और अंतर्ज्ञान के मिश्रण से विकसित होती है। मनुष्य कभी-कभी स्थापित सीमाओं से परे जाकर ऐसे समाधान खोज लेता है, जिनकी पहले कल्पना भी नहीं की गई होती। यही वह क्षेत्र है, जहाँ एआई अभी भी मानव बुद्धि से काफी पीछे दिखाई देती है। हालाँकि, वैज्ञानिकों का मानना है कि भविष्य में एआई और मानव बुद्धिमत्ता एक-दूसरे के पूरक बन सकते हैं। एआई विशाल डेटा का विश्लेषण कर सकती है, जटिल गणनाएँ कर सकती है और नए पैटर्न खोज सकती है, जबकि मनुष्य रचनात्मक सोच, नैतिक दृष्टिकोण और दूरदर्शिता प्रदान कर सकता है। दोनों के सहयोग से विज्ञान और गणित के क्षेत्र में अभूतपूर्व उपलब्धियाँ संभव हैं। रामानुजन चुनौती हमें यह सोचने के लिए प्रेरित करती है कि वास्तविक बुद्धिमत्ता का अर्थ क्या है। क्या केवल गणना और तर्क ही बुद्धिमत्ता के मापदंड हैं, या फिर अंतर्ज्ञान, कल्पनाशीलता और अनुभवजन्य समझ भी उतनी ही महत्वपूर्ण हैं? यदि दूसरा पक्ष अधिक महत्वपूर्ण है, तो एआई को अभी लंबा सफर तय करना बाकी है।

अंततः, रामानुजन की विरासत मानव प्रतिभा की उस अद्वितीय शक्ति का प्रतीक है, जिसे पूरी तरह समझना आज भी विज्ञान के लिए एक चुनौती बना हुआ है। एआई के लिए वास्तविक चुनौती केवल अधिक शक्तिशाली बनना नहीं, बल्कि उस सृजनात्मक और सहज मानवीय बुद्धि के निकट पहुँचना है, जिसने रामानुजन जैसे महान व्यक्तित्वों को जन्म दिया। यही 'एआई के लिए रामानुजन चुनौती' का मूल सार है।



# हिंद-प्रशांत में भारत का बढ़ता सामर्थ्य एवं साझेदारियां



ललित गर्ग
लेखक

भारत आज केवल विश्व की सबसे बड़ी लोकतांत्रिक शक्ति ही नहीं, बल्कि एक उभरती हुई वैश्विक महाशक्ति के रूप में अपनी नई पहचान स्थापित कर रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत की विदेश नीति ने जिस आत्मविश्वास, स्पष्टता और दूरदृष्टि का परिचय दिया है, उसने अंतरराष्ट्रीय राजनीति की दिशा बदल दी है। कभी जो भारत अपनी रक्षा आवश्यकताओं के लिए विदेशी हथियारों पर निर्भर था, वही भारत आज आधुनिक मिसाइलों, रक्षा प्रणालियों और सैन्य उपकरणों का निर्यात करने वाला विश्वसनीय राष्ट्र बन चुका है। यह परिवर्तन केवल आर्थिक उपलब्धि नहीं, बल्कि भारत की रणनीतिक, वैज्ञानिक, सैन्य और कूटनीतिक शक्ति का भी प्रमाण है। हाल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की इंडोनेशिया सहित हिंद-प्रशांत क्षेत्र के देशों के साथ हुई उच्चस्तरीय वार्ताएं इस नई विदेश नीति की सफलता का सशक्त उदाहरण हैं। रक्षा, समुद्री सुरक्षा, व्यापार, तकनीक और रणनीतिक सहयोग के क्षेत्रों में हुए समझौते यह स्पष्ट करते हैं कि भारत अब केवल क्षेत्रीय शक्ति नहीं, बल्कि वैश्विक स्थिरता और सुरक्षा का महत्वपूर्ण स्तंभ बन चुका है।

भारत की सबसे बड़ी उपलब्धियों में से एक रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता है। वर्षों तक भारत दुनिया का सबसे बड़ा हथियार आयातक माना जाता था, लेकिन आज स्थिति पूरी तरह बदल रही है। 'मेक इन इंडिया' और 'आत्मनिर्भर भारत' अभियान ने रक्षा उत्पादन को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है। ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल, अस्त्र एयर-टू-एयर मिसाइल, आकाश वायु रक्षा प्रणाली, पिनाका रॉकेट सिस्टम, तेजस लड़ाकू विमान और अत्याधुनिक रक्षा उपकरण आज विश्व के अनेक देशों का विश्वास जीत रहे हैं। भारत की स्वदेशी अस्त्र मिसाइल और ब्रह्मोस मिसाइल आज केवल भारतीय सेना की शक्ति का प्रतीक नहीं हैं, बल्कि विश्व के अनेक देशों की सुरक्षा आवश्यकताओं की पूर्ति का माध्यम भी बन रही हैं। पाकिस्तान के विरुद्ध आतंकवाद विरोधी अभियानों में इन हथियारों की प्रभावशीलता ने विश्व का ध्यान आकर्षित किया है। यही कारण है कि इंडोनेशिया जैसे महत्वपूर्ण देश अपने सुखोई लड़ाकू विमानों के लिए अस्त्र मिसाइल प्राप्त करना चाहते हैं तथा ब्रह्मोस मिसाइल प्रणाली खरीदने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहे हैं। यह भारत के रक्षा उद्योग के प्रति बढ़ते वैश्विक विश्वास का प्रमाण है। इंडोनेशिया हिंद-प्रशांत क्षेत्र का अत्यंत महत्वपूर्ण देश है। मलक्का जलडमरूमध्य जैसे विश्व के सबसे व्यस्त समुद्री मार्ग पर उसकी रणनीतिक स्थिति वैश्विक व्यापार के लिए अत्यधिक महत्वपूर्ण है। भारत और इंडोनेशिया के बीच बढ़ता रक्षा सहयोग केवल दो देशों के संबंधों को मजबूत नहीं करता, बल्कि पूरे हिंद-प्रशांत क्षेत्र में शक्ति संतुलन को भी नया आयाम देता है। समुद्री सुरक्षा, आतंकवाद विरोध, रक्षा तकनीक, साइबर सुरक्षा और संयुक्त सैन्य अभ्यासों के माध्यम से दोनों देशों का सहयोग क्षेत्रीय स्थिरता को मजबूत करेगा।

प्रधानमंत्री मोदी की विदेश नीति की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि भारत अब किसी पर निर्भर होकर नहीं, बल्कि समान साझेदारी और परस्पर सम्मान के आधार पर संबंध स्थापित कर रहा है। भारत किसी देश पर अपनी शक्ति थोपने में विश्वास नहीं रखता। उसकी विदेश नीति का मूल मंत्र है-'वसुधैव कुटुम्बकम', 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' और 'विश्व बंधुत्व'।

यही कारण है कि भारत जहां अमेरिका, जापान, ऑस्ट्रेलिया और यूरोप के साथ रणनीतिक संबंध मजबूत कर रहा है, वहीं दक्षिण-पूर्व एशिया, अफ्रीका, पश्चिम एशिया और वैश्विक दक्षिण के देशों के साथ भी विश्वासपूर्ण साझेदारी विकसित कर रहा है। आज हिंद-प्रशांत क्षेत्र विश्व राजनीति का केंद्र बन चुका है। चीन का विस्तारवादी रवैया, दक्षिण चीन सागर में उसका सैन्यीकरण, छोटे देशों पर दबाव बनाने की नीति तथा आर्थिक प्रभुत्व स्थापित करने के प्रयास विश्व समुदाय के लिए चिंता का विषय बने हुए हैं। भारत ने इन परिस्थितियों में संतुलित, शांतिपूर्ण लेकिन दृढ़ रणनीति अपनाई है। भारत किसी के विरुद्ध युद्ध नहीं चाहता,

लेकिन राष्ट्रीय सुरक्षा और क्षेत्रीय स्थिरता से कोई समझौता भी नहीं करता। यही संतुलित दृष्टिकोण भारत को विश्व का विश्वसनीय साझेदार बनाता है। भारत की बढ़ती रक्षा क्षमता चीन और पाकिस्तान जैसे देशों के लिए स्पष्ट संदेश है कि नया भारत अपनी संप्रभुता और राष्ट्रीय हितों की रक्षा करने में पूरी तरह सक्षम है। भारत अब केवल सीमाओं की सुरक्षा तक सीमित नहीं है, बल्कि समुद्री सुरक्षा, अंतरिक्ष सुरक्षा, साइबर सुरक्षा और आधुनिक तकनीकी युद्ध की तैयारियों में भी तेजी से आगे बढ़ रहा है। स्वदेशी रक्षा उत्पादन इस दिशा में भारत की सबसे बड़ी ताकत बनकर उभरा है। प्रधानमंत्री मोदी की विदेश यात्राओं की सबसे बड़ी सफलता यह रही है कि उन्होंने भारत की वैश्विक छवि को अभूतपूर्व ऊंचाई प्रदान की है। आज विश्व के बड़े राष्ट्र भारत को केवल विशाल बाजार के रूप में नहीं, बल्कि विश्वसनीय मित्र, तकनीकी साझेदार, निवेश गंतव्य और सुरक्षा सहयोगी के रूप में देख रहे हैं।

जी-20 की सफल अध्यक्षता, क्वाड की सक्रिय भूमिका, इंडो-पैसिफिक सहयोग, वैश्विक दक्षिण की आवाज तथा जलवायु परिवर्तन, डिजिटल अर्थव्यवस्था और आपदा प्रबंधन जैसे क्षेत्रों में भारत का नेतृत्व इसकी पुष्टि करता है। भारत की विदेश नीति अब केवल कूटनीतिक दस्तावेज नहीं रही, बल्कि राष्ट्रीय विकास का सशक्त माध्यम बन चुकी है। रक्षा निर्यात बढ़ने से विदेशी मुद्रा अर्जित हो रही है, लाखों युवाओं के लिए रोजगार के अवसर सृजित हो रहे हैं, अनुसंधान एवं नवाचार को नई गति मिल रही है और भारतीय उद्योग वैश्विक प्रतिस्पर्धा में मजबूत हो रहे हैं।

यह विकसित भारत के निर्माण की दिशा में अत्यंत महत्वपूर्ण कदम है। भारत की विदेश नीति का मूल मंत्र सदैव शांति, सह-अस्तित्व और परस्पर सम्मान रहा है। आदर्श स्थिति में किसी भी दो देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी की नींव किसी तीसरे देश के प्रति वैमनस्य या शत्रुता पर नहीं, बल्कि साझा विकास, सुरक्षा और स्थिरता पर आधारित होनी चाहिए। किंतु अंतरराष्ट्रीय राजनीति आदर्शों से नहीं, बल्कि राष्ट्रीय हितों और शक्ति-संतुलन से संचालित होती है। आज चीन और पाकिस्तान अपने सैन्य एवं आर्थिक गठजोड़ को सऊदी अरब तक विस्तार देने के प्रयासों में जुटे हैं। हाल के सप्ताहों में सऊदी नेतृत्व और बीजिंग के बीच बढ़ती सक्रियता इस बदलते भू-राजनीतिक समीकरण का संकेत है।

यद्यपि सऊदी अरब की प्राथमिक सुरक्षा चिंताएं पाकिस्तान और चीन से अलग हैं तथा उसका प्रमुख ध्यान खाड़ी क्षेत्र में ईरान के बढ़ते प्रभाव पर केंद्रित है, फिर भी बदलते वैश्विक समीकरण भारत के लिए सतर्क रहने का संदेश देते हैं। पाकिस्तान हर परिस्थिति में भारत के विरुद्ध रणनीतिक लाभ उठाने का अवसर तलाशता है, जबकि चीन अपने विस्तारवादी दृष्टिकोण के माध्यम से क्षेत्रीय संतुलन को प्रभावित करने का प्रयास करता है। ऐसे समय में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दूरदर्शी, संतुलित और सक्रिय विदेश नीति भारत के हितों की प्रभावी सुरक्षा करती दिखाई देती है। उनकी कूटनीति केवल मित्र देशों के साथ विश्वास बढ़ाने तक सीमित नहीं है, बल्कि चीन और पाकिस्तान की शरारतों, षड्यंत्रों तथा सामरिक चुनौतियों का संयमित और दृढ़ता से सामना करने की क्षमता भी प्रदर्शित करती है।

यही दूरगामी सोच भारत को एक विश्वसनीय, जिम्मेदार और प्रभावशाली वैश्विक शक्ति के रूप में स्थापित कर रही है। आज विश्व एक ऐसे नेतृत्व की तलाश में है जो शक्ति और शांति, विकास और सुरक्षा, तकनीक और मानवता के बीच संतुलन स्थापित कर सके। भारत इस भूमिका को सफलतापूर्वक निभाने की क्षमता रखता है।



# मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना का शुभारम्भ, शिक्षकों को मिले हेल्थ कार्ड

## मुख्य अतिथि सूर्य प्रकाश पाल ने कहा कि भाजपा सरकार में परिषदीय विद्यालयों का इंफ्रास्ट्रक्चर हुआ बेहतर, कायाकल्प योजना से सरकारी स्कूल अब कॉन्वेंट स्कूलों को दे रहे टक्कर

वेलकम इंडिया ब्यूरो



**हापुड़।** जनपद में मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना और डीबीटी वितरण कार्यक्रम का जिला स्तरीय भव्य समारोह को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सैकड़ों शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

समारोह में वाराणसी में आयोजित मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मुख्य कार्यक्रम का सजीव प्रसारण दिखाया गया। मुख्यमंत्री ने बटन दबाकर लाभार्थी शिक्षकों के खातों में डीबीटी के माध्यम से धनराशि का हस्तांतरण किया। इस दौरान स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के साथ शिक्षकों के सैलरी अकाउंट को लेकर हुए एमओयू की जानकारी भी दी गई।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के उपाध्यक्ष सूर्य प्रकाश पाल रहे। अध्यक्षता जिलाधिकारी कविता मीना ने की। मुख्य अतिथियों में जिला पंचायत अध्यक्ष रेखा हूणा और भाजपा जिलाध्यक्ष कविता माधरे शामिल रहीं। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी दीपा भाटी व जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. श्वेता पूठिया के नेतृत्व में अतिथियों द्वारा माध्यमिक व बेसिक शिक्षा विभाग के पात्र शिक्षकों को कैशलेस हेल्थ कार्ड वितरित किए गए।

कार्ड पाकर शिक्षकों ने सरकार के निर्णय की सराहना की। मुख्य अतिथि सूर्य प्रकाश पाल ने कहा कि भाजपा सरकार में परिषदीय विद्यालयों का इंफ्रास्ट्रक्चर बेहतर हुआ है। कायाकल्प योजना से सरकारी स्कूल अब कॉन्वेंट स्कूलों को टक्कर दे रहे हैं।जिलाधिकारी कविता मीना ने कहा कि सरकार शिक्षकों को विश्वस्तरीय सुविधाएं दे रही है। अब शिक्षकों का दायित्व है कि वे निष्ठा से बच्चों को पढ़ाकर उन्हें अच्छा नागरिक बनाएं। जिला पंचायत अध्यक्ष रेखा हूणा ने कहा कि सरकार शिक्षकों के सम्मान और हितों के लिए प्रतिबद्ध है। भाजपा जिलाध्यक्ष कविता माधरे ने कहा कि कैशलेस चिकित्सा योजना से शिक्षकों की स्वास्थ्य संबंधी चिंता दूर होगी।कार्यक्रम का संचालन अंजू तोमर व अंजू आजाद ने किया। अंत में जिलाधिकारी ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर शिक्षाविद विपिन चौहान, श्वेता गुप्ता, डॉ .सुमन अग्रवाल, पूजा मित्तल सहित बड़ी संख्या में शिक्षक उपस्थित रहे।

# सिंभावली व बहादुरगढ़ पुलिस ने ट्रांसफार्मर उपकरण चोरी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़, पांच आरोपी गिरफ्तार

वेलकम इंडिया ब्यूरो



**हापुड़।** जनपद के थाना सिंभावली तथा बहादुरगढ़ पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए विद्युत ट्रांसफार्मर के उपकरण चोरी करने वाले गिरोह का पदार्फाश करते हुए बुधवार को गिरोह के पांच सदस्यों को गिरफ्तार किया है।

पुलिस ने आसिफ पुत्र मुस्तकीम निवासी मेहपा रोड सिवाल खास थाना जानी जनपद मेरठ,समीर पुत्र रियाजुद्दीन निवासी रसूलपुर सिकरोड़ा थाना मसूरी जनपद गाजियाबाद,मोहम्मद आरिफ पुत्र याद इलाही निवासी दिल्ली गेट द्वारिकापुरी जस्सीपुरा थाना कोतवाली गाजियाबाद,आस मोहम्मद उर्फ आशु पुत्र इस्लाम उर्फ इस्लामुद्दीन निवासी नानू थाना सरधना जनपद मेरठ और शाहिद पुत्र आजाद निवासी नंदग्राम थाना नंदग्राम जनपद गाजियाबाद को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस अधीक्षक कुंवर ज्ञानंजय सिंह ने बताया कि पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी का करीब 1 कुंतल विद्युत कॉपर कॉइल, चोरी करने के उपकरण, अवैध असहा, घटना में इस्तेमाल दो गाड़ियां बरामद की है। आरोपियों के विरुद्ध गौतम बुद्ध नगर, गाजियाबाद, मेरठ, हापुड़ में विद्युत तार चोरी व आर्म्स एक्ट आदि के करीब दो दर्जन मुकदमे पंजीकृत हैं। गिरफ्तार आसिफ व मोहम्मद आरिफ के खिलाफ 26, समीर व आस मोहम्मद के खिलाफ 27 मुकदमे दर्ज हैं।

आरोपी बेहद शातिर किस्म के चोर हैं जो ट्रांसफार्मर के उपकरण चोरी करते थे। पुलिस ने पांचों आरोपियों को हिम्मतपुर से गंगा एक्सप्रेसवे के सर्विस रोड से पहले अंडरपास के पास से गिरफ्तार किया गया है।

# एसएसवी चौकी इंचार्ज ने नाबालिग छात्रा का उत्पीड़न करने वाले अध्यापक को किया गिरफ्तार



वेलकम इंडिया ब्यूरो

**हापुड़।** जनपद के थाना हापुड़ नगर कोतवाली पुलिस ने नाबालिक छात्रा का उत्पीड़न करने वाले आरोपीय अध्यापक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है पुलिस ने विजय कुमार मित्तल पुत्र अजय कुमार निवासी स्वर्ग आश्रम रोड हापुड़ को गिरफ्तार कर लिया है जिसके खिलाफ पोक्सो समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज था पुलिस ने आरोपी को बुधवार को दिल्ली रोड से दबोचा है। पीड़ित छात्रा का आरोप है कि वह दिल्ली रोड पर स्थित एसएसवी इंटर कॉलेज में कक्षा 12वीं में पढ़ती है जिसके अर्थशास्त्र के अध्यापक डॉक्टर विजय कुमार मित्तल लगातार उस पर घर पर बुलाने का दबाव बना रहा था। वह बार-बार उसे परेशान कर अश्लील बातें करता था। आरोपी ने इतना तक कह दिया कि यदि किसी से शिकायत की तो उसका करियर खराब कर देगा। दर्ज एफआईआर के अनुसार और भी कई छात्राएं आरोपी शिक्षक से परेशान हैं।

# हापुड़ जिले में दिव्यांगजनों को मिलेगी 'राज्य निधि' से अधिक मदद

वेलकम इंड़िया ब्यूरो

**हापुड़।** जनपद में दिव्यांगजनों के सहायतार्थ शासन द्वारा राज्य निधि से आठ प्रकार की वित्तीय सहायता प्रदान किये जाने का प्राविधान किया गया है, शासन के पत्र सं० 381/2021-65-3099/645/2019 दिनांक 14 सितम्बर, 2021 एवं शासनादेश संख्या-593/65-3-2023 दिनांक 12 जनवरी, 2024 तथा शासन के पत्र संख्या -518/65-3099-645 /2019 दिनांक 26 जून, 2024 के क्रम में विभिन्न क्षेत्रों में दिव्यांगजनों के हितार्थ 'राज्य निधि' से निम्नवत विवरण के अनुसार वित्तीय सहायता दिये जाने का प्राविधान है। उ०प्र० के दिव्यांगजन द्वारा बनाये गये चित्रों, हस्तकला आदि सहित उत्पादों को प्रदर्शित करने के लिए प्रदर्शनी एंव कार्यशालाओं हेतु धनराशि सहायता



के रूप में उपलब्ध कराना। उ०प्र० के दिव्यांगजन जिनका खेल/ललित कला/संगीत/नृत्य/फिल्म/थियेटर/साहित्य जैसे क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रर्दशन हो, उन्हें राष्ट्रीय एंव अन्तर्राष्ट्रीय आयोजनों में प्रतिभाग किये जाने एंव खेल आयोजन हेतु वित्तीय सहायता उपलब्ध कराना।

दैनिक जीवन की गतिविधियों को बेहतर बनाने के लिए बैंच मार्क दिव्यांगता के व्यक्तियों को उच्च सहायता वाले उपकरण (High Support Instrument) क्रय हेतु वित्तीय सहायता। उ०प्र० के दिव्यांगजन जो गम्भीर बीमारियों यथा- कैंसर, थैलिसिमिया, प्लास्टिक बहुस्केलोरोसिस से ग्रसित हों अथवा आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना एंव मुख्यमंत्री जन आरोग्य से आच्छदित न हों, को चिकित्सा हेतु वित्तीय सहायता। दिव्यांगजनों की शिक्षा एवं पुनर्वास से सम्बन्धित विभिन्न पहलुओं पर सम्बद्ध हितधारकों का उन्मुखीकरण / प्रशिक्षण कार्यक्रम (इन सर्विस प्रोग्राम) हेतु वित्तीय सहायता। दिव्यांगजन हेतु संचालित विशेष विद्यालयों में गणित अथवा विज्ञान एवं प्रौधोगिकी अथवा मनावैज्ञानिक आदि प्रयोगशालाओं की स्थापना हेतु वित्तीय सहायता। दिव्यांगजन हेतु संचालित विशेष विद्यालयों में खेल सुविधाओं का विकास, खेल उपकरण क्रय हेतु वित्तीय सहायता।दिव्यांगजनों के पुनर्वासन से सम्बन्धित सामाजिक, चिकित्सीय, शैक्षिक एवं विधिक (legal) आदि विषयों पर राष्ट्रीय एवं अंतराष्ट्रीय कार्यशाला के आयोजन हेतु वित्तीय सहायता।अतः जनपद के सभी सरकारी / गैर सरकारी संस्थाऐं एंव दिव्यांगजनों को अवगत कराना है कि 'राज्य निधि' से दिव्यांगजनों को वित्तीय सहायता प्रदान किये जाने हेतु प्रस्ताव शासन द्वारा निर्गत दिशा-निर्देश के अनुसार समस्त औपचारिकताएँ पूर्ण कराते हुये कक्ष सं० 16 कार्यालय जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी, विकास भवन हापुड़ को दिनांक 15 अगस्त, 2026 तक प्रस्तुत करें, ताकि आवश्यक कार्यवाही कर प्राप्त प्रस्ताव निदेशक, दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग उ०प्र० लखनऊ को प्रेषित किया जा सकें।

# आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोपी को पुलिस ने किया गिरफ्तार



वेलकम इंडिया ब्यूरो

**जोगिया/सिद्धार्थनगर।** थाना जोगिया उदयपुर पुलिस ने आत्महत्या के लिए उकसाने के मामले में वांछित एक आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। पुलिस ने आरोपी को बुधवार को मनोहरी-बनरही मार्ग के पास से गिरफ्तार किया। थानाध्यक्ष अभय सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने थाना जोगिया उदयपुर में दर्ज मुकदमा संख्या 96/2026, धारा 108 भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) के तहत वांछित आरोपी सुबाष पुत्र जोगेंद्र, निवासी ग्राम सबुआ, थाना शोहरतगढ़ को गिरफ्तार किया। आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी करने के बाद आरोपी को न्यायालय में पेश किया गया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में थानाध्यक्ष अभय सिंह, उपनिरीक्षक श्रीकांत यादव, हेड कांस्टेबल श्रीनंद यादव तथा कांस्टेबल विजेंद्र शामिल रहे।


# मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना का शुभारम्भ,शिक्षकों को मिले हेल्थ कार्ड


वेलकम इंडिया ब्यूरो



**हापुड़।** जनपद के मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना और डीबीटी वितरण कार्यक्रम का जिला स्तरीय भव्य समारोह बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सैकड़ों शिक्षक-शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।समारोह में वाराणसी में आयोजित मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मुख्य कार्यक्रम का सजीव प्रसारण दिखाया गया। मुख्यमंत्री ने बटन दबाकर लाभार्थी शिक्षकों के खातों में डीबीटी के माध्यम से धनराशि का हस्तांतरण किया। इस दौरान स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के साथ शिक्षकों के सैलरी अकाउंट को लेकर हुए एमओयू की जानकारी भी दी गई।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग के उपाध्यक्ष सूर्य प्रकाश पाल रहे।

अध्यक्षता जिलाधिकारी कविता मीना ने की। मुख्य अतिथियों में जिला पंचायत अध्यक्ष रेखा हूणा और भाजपा जिलाध्यक्ष कविता माधरे शामिल रहीं। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी दीपा भाटी व जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ. श्वेता पूठिया के नेतृत्व में अतिथियों द्वारा माध्यमिक व बेसिक शिक्षा विभाग के पात्र शिक्षकों को कैशलेस हेल्थ कार्ड वितरित किए गए। कार्ड पाकर शिक्षकों ने सरकार के निर्णय की सराहना की।

मुख्य अतिथि सूर्य प्रकाश पाल ने कहा कि भाजपा सरकार में परिषदीय विद्यालयों का इंफ्रास्ट्रक्चर बेहतर हुआ है। कायाकल्प योजना से सरकारी स्कूल अब कॉन्वेंट स्कूलों को टक्कर दे रहे हैं। जिलाधिकारी कविता मीना ने कहा कि सरकार शिक्षकों को विश्वस्तरीय सुविधाएं दे रही है। अब शिक्षकों का दायित्व है कि वे निष्ठा से बच्चों को पढ़ाकर उन्हें अच्छा नागरिक बनाएं।

जिला पंचायत अध्यक्ष रेखा हूणा ने कहा कि सरकार शिक्षकों के सम्मान और हितों के लिए प्रतिबद्ध है। भाजपा जिलाध्यक्ष कविता माधरे ने कहा कि कैशलेस चिकित्सा योजना से शिक्षकों की स्वास्थ्य संबंधी चिंता दूर होगी। कार्यक्रम का संचालन अंजू तोमर व अंजू आजाद ने किया। अंत में जिलाधिकारी ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर शिक्षाविद विपिन चौहान, श्वेता गुप्ता, डॉ .सुमन अग्रवाल, पूजा मित्तल सहित बड़ी संख्या में शिक्षक उपस्थित रहे।

# ऑपरेशन कवच के तहत भारत-नेपाल सीमा पर संयुक्त पैदल गश्त, सघन चेकिंग





वेलकम इंडिया ब्यूरो

**मोहाना/सिद्धार्थनगर।** भारत-नेपाल अंतर्राष्ट्रीय सीमा पर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करने और तस्करी की रोकथाम के उद्देश्य से बुधवार को ऑपरेशन कवच के तहत थाना मोहाना पुलिस, एसएसबी और नेपाल की एपीएफ पुलिस ने संयुक्त पैदल गश्त व सघन चेकिंग अभियान चलाया। थानाध्यक्ष मोहाना जितेन्द्र सिंह के पर्यवेक्षण में भगवानपुर इंडो-नेपाल बॉर्डर पर यह अभियान संचालित किया गया। संयुक्त टीम ने सीमा क्षेत्र में संदिग्ध व्यक्तियों और गतिविधियों पर नजर रखते हुए सीमा मार्गों का निरीक्षण किया। अभियान में पुलिस चौकी लालपुर के हेड कांस्टेबल फहीम अहमद, हेड कांस्टेबल मंजेश कुमार तथा कांस्टेबल सुशील कुमार सहित एसएसबी और एपीएफ नेपाल पुलिस के जवान शामिल रहे। अधिकारियों ने बताया कि सीमा पर सुरक्षा बनाए रखने तथा तस्करी और अन्य अवैध गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए ऐसे अभियान आगे भी जारी रहेंगे।

# दिशा बैठक में विकास कार्यों की समीक्षा, अनुपस्थित अधिकारियों पर सख्ती के निर्देश



वेलकम इंडिया ब्यूरो



**सिद्धार्थनगर।** जिला ग्राम्य विकास अभिकरण की ओर से बुधवार को लोहिया कला भवन में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (दिशा) की बैठक सांसद जगदंबिका पाल की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में विभिन्न विकास परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई और कार्यों को समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूरा कराने पर जोर दिया गया। बैठक में सांसद ने दिशा बैठक से अनुपस्थित रहने वाले अधिकारियों का वेतन रोकने के निर्देश दिए। उन्होंने नए मजरों और टोलों के विद्युतीकरण के लिए शीघ्र प्रस्ताव भेजने, सभी विधानसभा क्षेत्रों में जर्जर बिजली तार बदलने, ट्रांसफार्मरों के उच्चीकरण तथा आरडीएसएस योजना के कार्य समय से पूरा कराने के निर्देश दिए। साथ ही जनप्रतिनिधियों से ही विकास परियोजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण कराने और मुख्यमंत्री द्वारा लोकार्पित परियोजनाओं के शिलापट्ट कार्यस्थलों पर लगाने को कहा। सांसद ने जल जीवन मिशन के तहत पाइपलाइन बिछाने से क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत कराने तथा जनपद में 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्रों के प्रस्ताव भेजने के निर्देश भी दिए। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने सभी अधिकारियों को निमार्णाधीन परियोजनाएं तय समय में गुणवत्ता के साथ पूरी कराने के निर्देश दिए। बैठक में जनप्रतिनिधियों एवं विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

# शिक्षकों को मिला कैशलेस इलाज का तोहफा, छात्रों के खातों में भेजी गई डीबीटी राशि

वेलकम इंडिया ब्यूरो





**सिद्धार्थनगर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को वाराणसी से मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना का शुभारंभ किया। साथ ही 1.10 करोड़ विद्यार्थियों के अभिभावकों के खातों में यूनिफॉर्म, जूता-मोजा, स्वेटर, स्कूल बैग और स्टेशनरी के लिए प्रति छात्र 1200 रुपये डीबीटी के माध्यम से भेजे गए।

इसके अलावा 10 लाख शिक्षकों एवं संविदा कर्मियों को सामाजिक सुरक्षा कवच प्रदान करने के लिए स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के साथ एमओयू का भी निष्पादन किया गया।

जनपद में कार्यक्रम का सीधा प्रसारण रघुवर प्रसाद जायसवाल सरस्वती शिशु मंदिर इंटर कॉलेज में सांसद जगदंबिका पाल, उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष चारू चौधरी, विधायक श्यामधनी राही, जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन एवं मुख्य विकास अधिकारी बलराम सिंह की उपस्थिति में देखा गया।

अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया तथा शिक्षकों को मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना के प्रतीकात्मक कार्ड वितरित किए।

सांसद जगदंबिका पाल ने कहा कि लंबे समय से शिक्षकों की कैशलेस चिकित्सा सुविधा की मांग थी, जिसे मुख्यमंत्री ने पूरा कर ऐतिहासिक कार्य किया है। योजना के तहत शिक्षक, शिक्षणेत्तर कर्मचारी और उनके आश्रितों को पांच लाख रुपये तक की कैशलेस चिकित्सा सुविधा मिलेगी, जबकि दुर्घटना की स्थिति में सामाजिक सुरक्षा का लाभ भी मिलेगा।

राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष चारू चौधरी ने कहा कि सरकार की योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंच रहा है। विधायक श्यामधनी राही ने कहा कि डीबीटी व्यवस्था से सहायता राशि सीधे अभिभावकों के खातों में पहुंच रही है, जिससे पारदर्शिता सुनिश्चित हुई है।

कार्यक्रम में जिला विद्यालय निरीक्षक अरुण कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी शैलेष कुमार सहित बड़ी संख्या में शिक्षक, शिक्षामित्र, अनुदेशक एवं अन्य शिक्षाकर्मी उपस्थित रहे।

# सीपीयू ने वरिष्ठ नागरिकों से किया संवाद, सामुदायिक पुलिसिंग को किया मजबूत

वेलकम इंडिया ब्यूरो



**त्रिलोकपुर/सिद्धार्थनगर।** थाना त्रिलोकपुर की कम्यूनिटी पुलिसिंग यूनिट (सीपीयू) ने बुधवार को क्षेत्र के सोहना बाजार में वरिष्ठ नागरिकों, ग्राम प्रधानों और जनप्रतिनिधियों के साथ जनसंवाद एवं गोष्ठी आयोजित कर सामुदायिक पुलिसिंग को मजबूत बनाने पर जोर दिया।

प्रभारी निरीक्षक हरेकृष्ण उपाध्याय के नेतृत्व में आयोजित गोष्ठी में पुलिस और आमजन के बीच विश्वास बढ़ाने तथा आपसी सहयोग को मजबूत करने पर चर्चा की गई। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि सीपीयू के माध्यम से बुजुर्गों से नियमित संपर्क रखा जाएगा, जरूरत पड़ने पर सहायता के लिए सीधे संपर्क नंबर उपलब्ध कराए जाएंगे तथा दिव्यांगजनों की सूची तैयार कर उनसे संवाद स्थापित किया जाएगा। इसके अलावा रेलवे स्टेशन और बस स्टैंड पर लावारिस बच्चों एवं बेसहारा लोगों की सहायता, अनाथालय और वृद्धाश्रम में जाकर समस्याओं का समाधान, मेलों में खोया-पाया केंद्र का संचालन तथा नशा और साइबर अपराध के प्रति लोगों को जागरूक करने जैसी गतिविधियां भी संचालित की जाएंगी। गोष्ठी में उपस्थित लोगों ने पुलिस को हरसंभव सहयोग का भरोसा दिलाया। इस दौरान अधिकारियों ने उच्चाधिकारियों के निदेर्शों से भी लोगों को अवगत कराया। कार्यक्रम में उपनिरीक्षक गणेश कुमार, कृष्ण कुमार पाण्डेय तथा कांस्टेबल लाल बाबू निषाद मौजूद रहे।

# राजकीय मुड़िया पूर्णिमा मेला की तैयारियों को लेकर हुई समीक्षा बैठक, स्थानीय लोगों से मांगे गए सुझाव

## 9 सुपर जोंन में बंटेगा मेला क्षेत्र, 23 जुलाई से 30 जुलाई तक लगेगा मुड़िया पूर्णिमा मेला

**वेलकम इंडिया संवाददाता**





**मथुरा/गोवर्धन।** आगामी 23 जुलाई से शुरू होने वाले विश्व प्रसिद्ध राजकीय मुड़िया पूर्णिमा मेला को लेकर प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। बुधवार को तहसील सभागार में मंडलायुक्त आगरा की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में अपर पुलिस निदेशक सुवेन्द्र कुमार भगत जी भी शामिल हुए। बैठक में मेला को लेकर स्थानीय लोगों से सुझाव मांगे गए।

मेला की तैयारियों को पूरा करने के सख्त दिशा निर्देश अधिकारियों ने दिए। इस बार राजकीय मुड़िया पूर्णिमा मेला 23 जुलाई से 30 जुलाई तक सम्पन्न होगा। मेला में एक करोड़ से ज्यादा श्रद्धालुओं का आने का अनुमान रहता है। मंडलायुक्त आगरा नगेन्द्र प्रताप ने बताया कि मेला को सकुशल संपन्न कराने की तैयारियां पूरी कर ली है। विभागीय बैठक में मेला क्षेत्र में फैली अव्यवस्थाओं को जल्द से जल्द ठीक करने के लिए दिशा निर्देश दिए हैं।

यहां आने वाले श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सुरक्षा के साथ-साथ यातायात प्रबंधन, स्वास्थ्य सेवाएं, स्वच्छता, पेयजल, बिजली आपूर्ति, रेलवे, परिवहन, पार्किंग आदि के इंतजाम किए हैं। एडीजी आगरा सुवेन्द्र कुमार भगत जी ने बताया कि मेला क्षेत्र को सुरक्षा की दृष्टि से 9 जोंन में बांटा गया है। मेला क्षेत्र की निगरानी के लिए 10 पेट्रोलिंग पार्टियां और अस्थाई पुलिस चैकी स्थापित की जाएंगी। जिलाधिकारी चन्द्र प्रकाश सिंह ने बताया कि श्रद्धालुओं के लिए सुरक्षित, सुगम और व्यवस्थित मेला संपन्न कराया जाएगा।

विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने को कहा है। उप महानिरीक्षक शैलेश कुमार पांडेय ने बताया कि सुरक्षा की दृष्टि से मथुरा के साथ अन्य जनपदों से पुलिस फोर्स की तैनाती की जाएगी। एसएसपी श्लोक कुमार ने बताया कि इस बार मुड़िया पूर्णिमा मेला में पर्याप्त पुलिस फोर्स की तैनाती की जाएगी। मेला की सभी व्यवस्थाओं को एसडीएम गोवर्धन सुशील कुमार सिंह ने नोट किया। इसके बाद संबंधित विभागों को कार्य में जुट जाने के लिए कहा।

### 50 किलोमीटर से अधिक दायरे में रहती हैं मेला की व्यवस्थाएं

गिरिराज जी की परिक्रमा 21 किलोमीटर की है, जिसमें यूपी व राजस्थान की सीमाएं जुड़ी है। राजस्थान के डीग-भरतपुर प्रशासन के द्वारा 1200 मीटर परिक्रमा के साथ-साथ आसपास के क्षेत्र में व्यवस्थाएं की जाती हैं। उत्तर प्रदेश शासन के दिशा निर्देश पर मथुरा प्रशासन द्वारा मथुरा से लेकर गोवर्धन, बरसाना रोड, डीग रोड, छटीकरा-वृंदावन रोड आदि की व्यवथाएं की जाती हैं। गोवर्धन रेलवे स्टेशन की दूरी 3 किलोमीटर की है। यहां से श्रद्धालुओं को परिक्रमा पथ पर पहुंचने के लिए पैदल या ईरिक्शा का साहरा लेना पड़ता है। मथुरा रेलवे स्टेशन व बस स्टैंड से गोवर्धन के लिए एक हजार से ऊपर परिवहन विभाग की ओर से बस लगाई जाती हैं। राजस्थान रोडवेज की बस भी अपनी सेवाएं देती हैं। पंचायत राज विभाग के पांच सौ से अधिक कर्मचारी सफाई में लगाए जाते हैं। मेला क्षेत्र की गोवर्धन व राधाकुंड की नगर पंचायत के साथ मथुरा-वृंदावन नगर निगम, सौंख, बरसाना, राया आदि नगर पंचायतों का सहयोग लिया जाता है। भीड़ में अपनों से बिछड़ने वालों को खोजने के लिए खोया-पाया कैंप लगाए जाते हैं। मेला में सुरक्षा व्यवस्थाओं में अस्थाई पुलिस चैकी, वांच टॉवर, वैरियर लगाए जाएंगे। घुड़सवार पुलिस कर्मियों की तैनाती होगी।

### स्थानीय लोगों के साथ-साथ संतों से मांगे गए सुझाव

मुड़िया पूर्णिमा मेला में प्रशासन को स्थानीय लोगों के साथ-साथ स्वयंसेवी संस्थाओं एवं समाजसेवा से जुड़े लोगों से सहयोग की उम्मीद रहती है। मेला में परिक्रमा के लिए आने वाली भीड़ को देखते हुए भंडारे, प्याऊ, स्वास्थ्य शिविर आदि का संचालन किया जाता है। प्रमुख मंदिरों से जुड़े प्रबंधक व रिसीवर भी अपनी ओर से अलग से व्यवस्थाएं करते हैं। श्रीपाद रघुनाथ दास गोस्वामी गद्दी के पीठाधीश्वर महंत केशव दास महाराज ने बताया कि मुड़िया पूर्णिमा मेला में प्रत्येक वर्ष श्रद्धालुओं का आगमन ज्यादा हो रहा है। आश्रमों में गुरू आस्था रखने वाले हजारों भक्तों को ज्यादा भीड़ से बचने की सलाह दी जाएगी। परिक्रमा का दबाब कम होने पर वह अपनी आस्था में गिरिराज जी की परिक्रमा लगाएं। व्यापार मंडल के गणेश पहलवान ने बताया कि यहां आने वाले हजारों भक्त लाखों श्रद्धालुओं को भोजन व पानी की प्याऊ लगाकर सेवा करते हैं, इसलिए उनको सहज ही सेवा करने के लिए जल्द से जल्द सशर्त अनुमति प्रदान की जाए। पानी के टैंकर, सब्जी, किराना आदि के सामान के वाहनों का समय निश्चित करते हुए पास बनाए जाएं। महंत राधा चरन दास ने बताया कि परिक्रमा मार्ग में लगे अस्थाई अतिक्रमणों को शीघ्र हटाया जाए।

### बैठक में ये रहे उपस्थित

कमिश्नर नागेंद्र प्रताप, एडीजी आगरा एसके भगत, डीआईजी शैलेश कुमार पांडेय, जिलाधिकारी चन्द्र प्रकाश सिंह, एसएसपी श्लोक कुमार, एसपी देहात सुरेश चंद रावत, एसपी ट्रैफिक राजेश कुमार तिवारी, गोवर्धन एसडीएम सुशील कुमार सिंह, सीओ गोवर्धन अनिल कुमार, श्रीपाद रघुनाथ दास गोस्वामी गद्दी राधाकुंड के पीठाधीश्वर महंत केशव दास महाराज, मुड़िया संत रामकृष्ण दास, मानसी गंगा रिसीवर कपिल चतुर्वेदी, चिकित्सा अधीक्षक डॉ. नेहा चैधरी, गोवर्धन चेयरमैन प्रतिनिधि मनीष लंबरदार, राधाकुंड चेयरमैन रामफल, व्यापारी नेता गणेश पहलवान, व्यास परीक्षित दास आदि थे।

# यूटीयू की कुलपति ने राज्यपाल से शिष्टाचार भेंट की



**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**देहरादून।** राज्यपाल ले.जन. से आज लोक भवन में उत्तराखण्ड तकनीकी विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. (डॉ.) तृप्ता ठाकुर ने शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान कुलपति ने राज्यपाल को विश्वविद्यालय की शैक्षणिक एवं अनुसंधान गतिविधियों के साथ-साथ उत्तराखण्ड के समग्र विकास में प्रौद्योगिकी की भूमिका को सशक्त बनाने के लिए किए जा रहे प्रयासों पर प्रस्तुतीकरण दिया।

राज्यपाल ने विश्वविद्यालय को तकनीकी शिक्षा को उत्तराखण्ड के समग्र विकास की आवश्यकताओं से जोड़ने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि युवाओं को फ्यूचर रेडी एवं इंडस्ट्री रेडी बनाने के लिए उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप कौशल विकास, नवाचार, स्टार्टअप एवं उद्यमिता को बढ़ावा दिया जाए। उन्होंने विश्वविद्यालय को महिलाओं के तकनीकी सशक्तीकरण, डिजिटल कौशल विकास तथा नवाचार आधारित उद्यमिता को प्रोत्साहित करने के लिए कार्यक्रम संचालित करने के भी निर्देश दिए। इस अवसर पर अपर सचिव श्री राज्यपाल श्रीमती रीना जोशी भी उपस्थित रही।

# मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस योजना के अंतर्गत शिक्षकों को बांटे गए कैश लेस कार्ड, मिलेगी मुफ्त चिकित्सा



**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**मथुरा/बलदेव।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा आज 'मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना' के शुभारंभ के अवसर पर विकास खंड सभागार में तहसील स्तरीय कैशलेश योजना कार्ड वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत शिक्षकों, शिक्षामित्रों तथा अनुदेशकों को पांच लाख तक का सालाना कैशलेस इलाज का लाभ मिलेगा। इस ऐतिहासिक योजना का राज्य स्तरीय शुभारंभ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा वाराणसी से किया गया। इस कार्ड के माध्यम से लाभार्थी सूचीबद्ध सरकारी और निजी अस्पतालों में प्रति परिवार पांच लाख तक का मुफ्त व कैशलेस इलाज करा सकेंगे।

कार्यक्रम का शुभारंभ नगर पंचायत बलदेव के अध्यक्ष डा.मुरारी लाल अग्रवाल, भारतीय जनता पार्टी शिक्षक प्रकोष्ठ के जिला संयोजक सुधाकर उपाध्याय एवं खंड शिक्षा अधिकारी कौशल कुमार ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित करके किया। इस अवसर कर डॉ मुरारी लाल ने कहा कि मुख्यमंत्री कैशलेस चिकित्सा योजना शिक्षकों को आर्थिक और स्वास्थ्य सुरक्षा प्रदान करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिससे उनका मनोबल भी बढ़ेगा।कार्यक्रम में बेसिक शिक्षा विभाग के शिक्षा मित्र, शिक्षक, अनुदेशक,माध्यमिक शिक्षा विभाग के शिक्षकगण आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापित खंड शिक्षा अधिकारी कौशल कुमार व सह नोडल कविता सक्सेना द्वारा किया गया।

# रानीपोखरी में सैनिक मिलन कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री ने सैनिकों की समस्याएं सुनी



**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**देहरादून।** कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने रानीपोखरी में आयोजित सैनिक मिलन कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। उन्होंने यहां स्थित सीएसडी कैंटीन का निरीक्षण भी किया। जोशी ने कहा कि पूर्व सैनिक भाइयों ने कैंटीन के सुधारीकरण से संबंधित कुछ मांगें रखी थीं जिन्हें रिकॉर्ड समय में पूर्ण कर दिया गया है। इन कार्यों के पूर्ण होने से बड़ी संख्या में सैनिकों, पूर्व सैनिकों एवं उनके परिजनों को बेहतर सुविधाएँ उपलब्ध हो सकेंगी। इस अवसर कैबिनेट मंत्री ने पूर्व सैनिकों एवं उनके परिजनों से संवाद कर उनकी समस्याएँ व सुझाव भी सुने। उन्होंने कहा कि ये सभी मेरे परिवार का हिस्सा हैं तथा इनकी समस्याएँ मेरी अपनी हैं। यही कारण है कि मेरा सदैव यह प्रयास रहता है कि समय-समय पर अपने इस परिवार के बीच पहुँचकर उनकी सभी समस्याओं का जल्द से जल्द समाधान कर सकूँ।

# स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी का क्रमिक अनशन जारी

**वेलकम इंडिया संवाददाता**





**बागेश्वर।** स्वतंत्रता संग्राम सेनानी महेंद्र सिंह करायत के नाम से स्वीकृत पालड़ीछीना जनोटीपालड़ी-करालापालड़ी चनौली जैनकरास कनगाड़छीना मोटर मार्ग में अधूरी बनी सड़क को कनगाड़छीना में एनएच राजमार्ग से मिलाए जाने की मांग को लेकर चल रहा क्रमिक अनशन जारी है। तेज बारिश के बाद भी पूर्व सैनिक फौजी फतेह सिंह करायत लगातार क्रमिक अनशन में डटे हुए हैं।उन्होंने सड़क निर्माण का शाशनदेश जारी नही किए जाने तक किसी भी हाल में अपना फैसला नही बदलने का की चेतावनी देते हुए सड़क को मुख्यमंत्री घोषणा में शामिल करते हुए सड़क निर्माण कार्य शुरू नही होने तक आंदोलन अंतिम सांस तक जारी रखने की बात कही है। क्रमिक अनशन के आठवें दिन स्वयं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी का उत्तराधिकारी और जोशी पालड़ी से क्षेत्र पंचायत सदस्य फते सिंह करायत पुनः क्रमिक अनशन पर बैठे।साथ ही क्षेत्रीय लोगो का उन्हें समर्थन भी मिल रहा है। यहां आंदोलन को समर्थन में पूर्व प्रधान ठाकुर सिंह ,पूर्व प्रधान लेटी आनंद सिंह दयाराकोटी ,विकास खंड प्रधान संगठन के अध्यक्ष नवल किशोर टम्टा, जिपं सदस्य करासीबूंगा राजु नेगी,ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष नरेंद्र सिंह कार्की , पूर्व ब्लाक प्रमुख नरेन्द्र कुमार टम्टा , कांग्रेस जिला महामंत्री कमल किशोर टम्टा, राजेन्द्र सिंह पूर्व जिला पंचायत सदस्य उडेरखानी पूर्व प्रधान ओखलीसिरौद बालाराम,गोकुल सिंह बोरा, सहित क्षेत्रीय लोगों ने मांगो को जायज बताते हुए आंदोलन को अपना समर्थन दिया। वही फौजी फतेह सिंह करायत ने अब अपनी मांगों को लेकर अपनी धर्मपत्नी को भी आंदोलन में बैठाने की चेतावनी दी है।

# चोरी का किया सफल खुलासा, दो शातिर चोर गिरफ्तार, दो बाल अपचारी अभिरक्षा में

**वेलकम इंडिया संवाददाता**



**कुशीनगर।** जनपद के थाना विशुनपुरा पुलिस ने चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है तथा दो बाल अपचारियों को पुलिस अभिरक्षा में लिया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी किए गए नकद रुपये, आभूषण, मोबाइल फोन, मोटरसाइकिल और साइकिल सहित लगभग चार लाख रुपये मूल्य का सामान बरामद किया है। थाना विशुनपुरा पुलिस एवं सर्विलांस टीम ने ग्राम शाहपुर उचकी पट्टी में हुई चोरी की घटना का खुलासा किया। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान रुस्तम अंसारी एवं जुल्फकार अंसारी, निवासी जंगल शंकरपुर थाना तुर्कपट्टी, जनपद कुशीनगर के रूप में हुई है। दो बाल अपचारियों को भी अभिरक्षा में लेकर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है। पूछताछ में अभियुक्तों ने बताया कि उनका एक संगठित गिरोह है, जो दिन में विभिन्न क्षेत्रों की रेकी कर मौका मिलने पर घरों और दुकानों में चोरी की घटनाओं को अंजाम देता था। गिरोह में नाबालिगों का भी उपयोग किया जाता था ताकि संदेह से बचा जा सके। पुलिस ने आरोपियों के पास से 30,810 नकद, सोने-चांदी के आभूषण, तीन एंड्रॉयड मोबाइल फोन, चोरी की प्लेटिना मोटरसाइकिल (UP57Y9843), एक साइकिल तथा अन्य चोरी का सामान बरामद किया है। बरामद आभूषणों की अनुमानित कीमत लगभग चार लाख रुपये बताई गई है। पुलिस ने बताया कि आरोपियों के विरुद्ध पूर्व में भी विभिन्न थानों में आपराधिक मुकदमे भी दर्ज हैं।

# गोवर्धन पुलिस ने साइबर ठगी गिरोह का किया पदार्फाश, 6 आरोपी गिरफ्तार

**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**मथुरा/गोवर्धन।** पुलिस महानिदेशक उत्तर प्रदेश राजीव कृष्ण के निदेर्शानुसार साइबर ठगी के अपराधियों के खिलाफ व्यापक कार्रवाई का असर देखने को मिल रहा है। एसएसपी श्लोक कुमार के आदेश पर मंगलवार से ही एसपी देहात सुरेश चंद्र रावत के नेतृत्व में पुलिस साइबर ठगी के हॉटस्पॉट चिन्हित कर अपराधियों की पहचान करने में जुटी थी। उसी कढ़ी में थाना गोवर्धन पुलिस ने साइबर अपराधियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए छह शातिर आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इनके कब्जे से 9 फर्जी आधार कार्ड, 11 फर्जी सिम कार्ड और 6 मोबाइल फोन बरामद किए हैं। पुलिस जांच में बरामद मोबाइल नंबरों और सिम कार्डों का समन्वय पोर्टल पर परीक्षण करने पर देश के विभिन्न हिस्सों से साइबर ठगी की कई शिकायतें सामने आईं, जिनमें लोगों से हजारों और लाखों रुपये की धोखाधड़ी किए जाने की पुष्टि हुई है। पुलिस के अनुसार, मुखबिर की सूचना पर पलसो रोड स्थित मडोरा मोड़ के पास एक खाली प्लॉट में छापेमारी कर आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे अपनी फोटो लगाकर फर्जी आधार कार्ड तैयार करते थे और फर्जी सिम कार्ड व मोबाइल फोन का इस्तेमाल कर अपनी पहचान छिपाते थे। इसके बाद फोन कॉल, फर्जी लिंक, ओटीपी और अन्य झांसे देकर लोगों से बैंक खातों में धनराशि ट्रांसफर कराकर ठगी की वारदातों को अंजाम देते थे।

# सुधीर कुमार बने उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के भगतपुर-टांडा ब्लॉक अध्यक्ष

**वेलकम इंडिया संवाददाता**



**टांडा।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ की एक महत्वपूर्ण बैठक बुधवार को शिक्षक भवन दांग में जिला अध्यक्ष डॉ. नीरज शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में ब्लॉक भगतपुर-टांडा में लंबे समय से रिक्त चल रहे ब्लॉक अध्यक्ष पद पर सर्वसम्मति से सुधीर कुमार को मनोनीत किया गया।

बैठक को संबोधित करते हुए जिला अध्यक्ष डॉ. नीरज शर्मा ने नवमनोनीत ब्लॉक अध्यक्ष सुधीर कुमार को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि संगठन को और अधिक सशक्त बनाने तथा शिक्षक हितों की प्रभावी पैरवी के लिए सभी पदाधिकारियों को एकजुट होकर कार्य करना होगा। उन्होंने विश्वास जताया कि नई जिम्मेदारी मिलने के बाद सुधीर कुमार संगठन की अपेक्षाओं पर खरा उतरेंगे। नवमनोनीत ब्लॉक अध्यक्ष सुधीर कुमार ने संगठन के शीर्ष नेतृत्व एवं जिला पदाधिकारियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जिस विश्वास के साथ यह दायित्व सौंपा गया है, उसका पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निर्वहन करेंगे। उन्होंने कहा कि वरिष्ठ पदाधिकारियों के मार्गदर्शन में शिक्षक हितों की रक्षा, संगठन के विस्तार तथा शिक्षकों की समस्याओं के समाधान के लिए निरंतर कार्य किया जाएगा।

# प्रेमनगर आश्रम हरिद्वार में श्रीराम कथा का हुआ समापन

**वेलकम इंडिया संवाददाता**



**देहरादून।** प्रेमनगर आश्रम हरिद्वार में पूज्य मोरारी बापू की श्रीराम कथा के समापन समारोह में श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि हरिद्वार की पावन धरा पर उन्हें अद्वितीय आध्यात्मिक सुख और आनंद की अनुभूति हो रही है। मुख्यमंत्री ने पूज्य मोरारी बापू का हृदय से आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मोरारी बापू श्रीराम कथा के वाचक के साथ-साथ भगवान श्रीराम के आदर्शों, विचारों और जीवन-दर्शन के जीवंत संवाहक हैं, जिन्होंने विश्वभर में भारतीय संस्कृति, सनातन दर्शन और अध्यात्म का संदेश पहुंचाया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज जब विश्व युद्ध, हिंसा और आतंकवाद जैसी चुनौतियों का सामना कर रहा है, तब भारत की सनातन संस्कृति का 'वसुधैव कुटुम्बकम्' का संदेश पूरी मानवता के लिए मार्गदर्शक है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत सांस्कृतिक पुनर्जागरण का साक्षी बन रहा है और उत्तराखण्ड सरकार देवभूमि को विश्व की आध्यात्मिक राजधानी के रूप में स्थापित करने के संकल्प के साथ कार्य कर रही है। इसी उद्देश्य से केदारखंड-मानसखंड मंदिर माला मिशन, हरिद्वार-ऋषिकेश कॉरिडोर, शारदा कॉरिडोर तथा प्राचीन मंदिरों के संरक्षण एवं सौंदर्यीकरण की योजनाओं को तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखण्ड में धार्मिक पर्यटन और आध्यात्मिक यात्राओं ने इस वर्ष नए कीर्तिमान स्थापित किए हैं। उन्होंने बताया कि चारधाम यात्रा में पिछले सभी रिकॉर्ड टूट रहे हैं और दो माह के भीतर ही 45 लाख से अधिक श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं। इसी प्रकार हेमकुंड साहिब यात्रा में डेढ़ लाख से अधिक श्रद्धालु मत्था टेक चुके हैं, जबकि कैलाश मानसरोवर यात्रा में 55000 से अधिक श्रद्धालु दर्शन कर चुके हैं, जहाँ पहले पूरे वर्ष में सीमित संख्या में ही यात्रियों को भेजा जाता था। मुख्यमंत्री ने कहा कि 5 जुलाई को कैलाश मानसरोवर यात्रा के प्रथम दल को रवाना करने का सौभाग्य भी उन्हें प्राप्त हुआ। उन्होंने कहा कि यह उत्तराखण्ड में विकसित हो रहे बेहतर बुनियादी ढांचे, सुरक्षित यात्रा प्रबंधन और श्रद्धालुओं की बढ़ती आस्था का प्रमाण है। मुख्यमंत्री ने आगामी कुंभ-2027 को दिव्य, भव्य और सुरक्षित बनाने का संकल्प दोहराते हुए कहा कि कुंभ केवल आस्था का आयोजन नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता, आध्यात्मिक चेतना और सनातन संस्कृति का महापर्व है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार विकास भी और विरासत भी के मंत्र के साथ देवभूमि की सांस्कृतिक पहचान, आध्यात्मिक गरिमा और सनातन परंपरा के संरक्षण के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने श्रद्धालुओं से भगवान श्रीराम के आदर्शों को जीवन में अपनाने का आह्वान करते हुए कहा कि संतों के आशीर्वाद और जनसहभागिता से उत्तराखण्ड आध्यात्मिक और सांस्कृतिक क्षेत्र में नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा। कार्यक्रम में परमार्थ निकेतन आश्रम ऋषिकेश के अध्यक्ष स्वामी चिदानंद सरस्वती महाराज, जिला पंचायत अध्यक्ष किरण चौधरी, पूर्व कैबिनेट मंत्री स्वामी यतीश्वरानंद, राज्य मंत्री सुनील सैनी, देशराज कर्णवाल, नितिन गौतम, अजीत चौधरी, शोभाराम प्रजापति, आदेश सैनी, जिला अध्यक्ष आशुतोष शर्मा, जिलाधिकारी मयूर दीक्षित, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नवनीत सिंह भुल्लर एवं अन्य लोग मौजूद रहे।

# लोक संवर्धन पर्व के तैयारी के संहंध में बैठक



**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**देहरादून।** यमुना कॉलोनी स्थित शासकीय आवास पर अल्पसंख्यक विभाग के तत्वाधान में कैबिनेट मंत्री खजानदास की उपस्थिति में एक बैठक हुई। जिसमें आगामी 11 से 15 जुलाई तक देहरादून परेड ग्राउंड में आयोजित होने वाले लोक संवर्धन पर्व के तैयारी के संबंध में जन विभागीय अधिकारियों के साथ चर्चा हुई।

इस अवसर पर वक्फ बोर्ड अध्यक्ष शादाब शम्स, उपाध्यक्ष अल्पसंख्यक आयोग बलजीत सोनी, विशेष सचिव मधुकर पराग धकाते, निदेशक दीप्ति सिंह आदि उपस्थित थे।

# मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा वाराणसी में आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा सुविधा का किया गया शुभारंभ

## मुख्यमंत्री द्वारा मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना का प्रतीकात्मक कार्ड प्रदान कर शिक्षकों, शिक्षामित्र, रसोइयों एवं शिक्षण कार्मिकों को किया गया सम्मानित

**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**संतकबीरनगर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा वाराणसी में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा सुविधा का भव्य शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री द्वारा शिक्षकों, शिक्षण कार्मिकों एवं रसोइयों को योजना का प्रतीकात्मक कार्ड प्रदान कर सम्मानित किया गया।

आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री द्वारा प्रदेश के 1.10 करोड़ विद्यार्थियों को डीबीटी के माध्यम से यूनिफॉर्म, जूता-मोजा, स्वेटर व स्टेशनरी हेतु प्रति छात्र-छात्रा रुपए 1200 का वितरण किया गया। इसी अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा प्रदेश के 10 लाख शिक्षकों एवं संविदा कार्मिकों को सामाजिक सुरक्षा हेतु स्टेट बैंक आफ इंडिया से एमओयू का निष्पादन/हस्तांतरण किया गया। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री द्वारा राष्ट्रीय स्तर पर चयनित स्वच्छ एवं हरित विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को सम्मानित किया गया।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने इस अवसर पर बाबा विश्वनाथ की पावन धरती काशी में आयोजित भव्य समारोह में मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस योजना का शुभारंभ करते हुए कहा कि बच्चे अबोध होते हैं उन्हें अच्छे मार्ग पर लाना, अच्छा संस्कार सिखाना तथा देश का एक शिक्षित और जिम्मेदार नागरिक बनाना शिक्षक का राष्ट्रीय दायित्व है। उन्होंने कहा कि इस सत्र के नए नामांकन में कोई भी बच्चा छूटने न पाए इसका दायित्व यद्यपि अभिभावक एवं हम सभी का है लेकिन सबसे अधिक दायित्व हमारे शिक्षकों का ही है।

मुख्यमंत्री ने प्रदेश के समस्त शिक्षकों, शिक्षामित्रों, अनुदेशकों एवं रसोइयों को सरकार द्वारा शुरू की गई इस योजना के अवसर पर हार्दिक शुभकामनाएं एवं आशीर्वाद देते हुए कहा कि प्रधानमंत्री के विजन से निपुण भारत अभियान ने सभी छात्र-छात्राओं को इस लायक बनाया है कि वह राष्ट्र निमार्ता के रूप में स्वयं मजबूत भागीदारी सुनिश्चित करने में कामयाब होंगे। उन्होंने कहा कि स्कूल का वातावरण स्कूल जैसा लगना चाहिए, शिक्षा समाज की आधारशिला है इसके बिना देश एवं प्रदेश का सही मायने में विकास असंभव है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की विकसित भारत की सोच की आधारशिला शिक्षा ही है, शिक्षा की उपेक्षा कर हम एक विकसित राष्ट्र की कल्पना भी नहीं कर सकते।

मुख्यमंत्री ने कहा कि डबल इंजन की सरकार ने प्रदेश में पिछले 09 वर्षों में शिक्षा, स्वास्थ्य सहित विकास के समस्त क्षेत्रों के आधारभूत ढांचे में जो सकारात्मक परिवर्तन किया है उसका असर आज समाज में दिख रहा है, उन्होंने कहा कि शिक्षा पर किया गया निवेश कभी व्यर्थ नहीं जाता और शिक्षा के उन्नयन का ही परिणाम है कि आज उत्तर प्रदेश विकास के पद पर तेजी से दौड़ रहा है। उन्होंने कहा कि ऑपरेशन कायाकल्प, निपुण भारत अभियान, प्रोजेक्ट अलंकार जैसी योजनाओं से देश एवं प्रदेश में निरंतर शिक्षा व्यवस्था के बेसिक ढांचे में सुधार किया गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार की अपेक्षा है कि उत्तर प्रदेश में अनुशासित वातावरण बनाकर सभी अभिभावक अपने बच्चों को शिक्षित बनाने की दिशा में पूरे लगन एवं जिम्मेदारी के साथ पहल करें और देश के स्वर्णिम भविष्य के आधार बच्चों को संवारने में सहयोग करें। उन्होंने प्रदेश के समस्त शिक्षकों/शिक्षिकाओं को बेसिक स्तर पर बच्चों को शिक्षित करने, सवारने एवं उनके भविष्य को तरासने में उनके समर्पित योगदान पर हार्दिक शुभकामनाएं एवं बधाई दी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार बच्चों के पुस्तकों, यूनिफार्म के लिए जो धनराशि अभिभावकों को दे रही इसमें अभिभावक का भी दायित्व है कि पैसे का सदुपयोग उसी मद में करते हुए स्कूल भेजें और शिक्षकगण बच्चों को पूरी निष्ठा एवं पारिवारिक माहौल का बोध कराते हुए बच्चों का भविष्य सुधारने में निरन्तर लगे रहें, तभी हमारा देश प्रधानमंत्री के सपनों का विकसित राष्ट्र बनेगा। इसी क्रम में मुख्य अतिथि अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति आयोग बैजनाथ रावत की गरिमामई में उपस्थिति में जनपद के संत कबीर ऑडिटोरियम, मगहर में मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस योजना के शुभारंभ अवसर पर भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी आलोक कुमार, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) चंद्रेश कुमार सिंह, मुख्य विकास अधिकारी जयकेश त्रिपाठी व एमएलसी प्रतिनिधि अमरीश राय उर्फ मंटू राय उपस्थित रहे। कार्यक्रम का शुभारम्भ अध्यक्ष, उत्तर प्रदेश अनुसूचित जाति और जनजाति आयोग द्वारा मॉ सरस्वती के चित्र पर माल्यापर्ण एवं दीप प्रज्जवलित कर किया गया। इस अवसर पर सभी अतिथिगणों एवं अधिकारीगणों को पुष्प गुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री द्वारा योजना के शुभारंभ समारोह कार्यक्रम का सजीव प्रसारण जनपद में आयोजित कार्यक्रम के दौरान मुख्य अतिथि, विधान परिषद सदस्य प्रतिनिधि मंटू राय, अधिकारीगणों, शिक्षकों, अनुदेशकों एवं रसोइयों सहित उपस्थित अन्य संभ्रांत नागरिकगणों द्वारा देखा और सुना गया।

# छड़ी भगतों के विषय बोर्ड बैठक में सकारात्मकता के साथ रखे जायेंगे: महापौर

**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**सहारनपुर।** शिव गोरक्ष जाहरवीर सेवा समिति के अध्यक्ष विनोद प्रकाश कश्यप ( स्वामी सरदार छड़ी व नेजा ) तथा संस्थापक पंकज उपाध्याय के नेतृत्व में श्रीगोगा महाड़ी की छड़ियों के भगतों ने महापौर डॉ. अजय कुमार को ज्ञापन देकर ग्राम मानकमऊ का नाम बदलकर ' ग्राम गोगा महाड़ी' करने तथा सभी 26 छड़ियों के मान्यता प्राप्त भगतों के नाम उनकी पहचान एवं परंपरा के उचित सम्मान हेतु अधिकारिक रुप से एक पोर्टल पर दर्ज करने की मांग की। इसके अतिरिक्त महाड़ी स्थल के दोनों ओर मुख्य मार्ग पर दो गेट बनवाने की मांग भी छड़ियों के भगतों ने की।



छड़ियों के भगतों द्वारा महापौर को दिये ज्ञापन में कहा गया है कि महाड़ी आस्था का केंद्र है अतः इसकी शुचिता, पवित्रता एवं स्वच्छता बनाये रखने के लिए व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। सरोवर (स्वच्छ कुण्ड) का मुख्य प्रवेश द्वार श्रद्धालुओं के लिए खोला जाए तथा सरोवर पर प्रत्येक सप्ताह रविवार के दिन नियमित रुप से आरती आयोजित की जाए जिससे धार्मिक परंपराओं का निर्वहन हो सके। समिति ने गोगा महाड़ी परिसर में स्वच्छ व सुंदर सरोवर के निर्माण के लिए नगर निगम और प्रदेश सरकार की सराहना करते हुए इसी प्रकार स्वच्छता व रखरखाव को निरंतर बनाये रखने की भी मांग की। महापौर ने समिति की मांग से सहमति जताते हुए कहा कि सरोवर की शुचिता, पवित्रता और स्वच्छता का पूरी तरह ध्यान रखा जायेगा।

उन्होंने गेट बनवाने तथा भगतों के नाम पोर्टल पर दर्ज कराने की मांग को भी गंभीरता से लिया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने धर्म को पर्यटन स्थल से जोड़ने पर जोर दिया है। चूंकि जहां एक ओर धर्म और आस्था का विषय है वहीं पर्यटन को भी बढ़ावा मिले, यह भी कोशिश है ताकि इससे बड़ी संख्या में लोगों को रोजगार मिल सके। उन्होंने भरोसा दिया कि नगर निगम बोर्ड की बैठक में वे भगतों की मांग को सकारात्मक भाव के साथ रखेंगे। ज्ञापन देने वालों में महेश रजवाल, पवन सैनी, दीपक उपाध्याय, सुभाष, सुशील, रामचंद्र, रिंकू तोमर, भगवत गिरि व सोम कुमार आदि शामिल रहे।

# श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में पूरे दिन विशेष प्रवेश की सुविधा, करणी सेना ने मुख्यमंत्री योगी का जताया आभार

**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**वाराणसी।** करणी सेना की मुहिम रंग लाई काशीवासियों के लिए विशेष सुविधा का प्रबंध करते हुए मंदिर न्यास द्वारा वर्ष 2024 में द्वार संख्या 4 बी को काशी द्वार बनाया गया था। इस द्वार से प्रातः चार से पांच एवं सायं चार से पांच काशीवासियों को दर्शन की सुविधा दी जाती है। आज के निर्णय के बाद अब यह समय सीमा पूरे दिन के लिए खोल दी गई है अब प्रातः 4.15 बजे से रात्रि 10.45 तक इस द्वार से काशीवासी प्रवेश कर सकेंगे। प्रातः काल दर्शन हेतु मंदिर खुलने के 15 मिनट बाद से ले कर रात्रि काल में मंदिर बंद होने से 15 मिनट पूर्व तक काशीवासियों को विशेष सुविधा दी जाएगी। काशी के लोगों के लिए श्री विश्वनाथ के दर्शन के लिए एक अलग द्वार निश्चित होगा जिससे काशीवासी पहचान पत्र दिखाकर सुचारू एवं सुगम तरीके से श्री विश्वनाथ का दर्शन लाभ पूरे समय प्राप्त कर सकेंगे। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने यह निर्देश सर्किट हाउस में समीक्षा बैठक के दौरान अधिकारियों को दिया। करणी सेना के वाराणसी जिलाध्यक्ष मंगलेश त्रिपाठी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ महाराज का सभी काशी वासियों की तरफ से किया अभिनंदन एवं जताया आभार।



## दबिश के दौरान 04 वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

**संतकबीरनगर( वेलकम इंडिया)।** पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना के निर्देशन में जनपद में वांछितों व न्यायालय में हाजिर न होने वाले अभियुक्तों के खिलाफ जारी गैर जमानतीय वारण्ट के तहत फरार चल रहे अभियुक्तों की गिरफ्तारी के क्रम में थाना कोतवाली खलीलाबाद उ0नि0 धर्मनाथ यादव, का0 राजन यादव, का0 शुभम राजपूत ने 01 नफर वारण्टी इरशाद पुत्र अब्दुल वहाब निवासी डीघा थाना कोतवाली खलीलाबाद को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया। थाना दुधारा उ0नि0 राजेन्द्र सिंह, उ0नि. अनिल मिश्रा, हे0का0 रंजन कौशल, हे0का0 राजेश कुमार, का0 दीपक सिंह, का0 सोनू यादव ने 03 नफर वारण्टी मो0 सिद्दीकीक पुत्र बरकत अली निवासी मोहम्मदगढ़, लालमन लोध पुत्र मोतीलाल निवासी गरथौली, बदरुदोजा पुत्र हैदर अली निवासी लौकी लाला थाना दुधारा जनपद संतकबीरनगर को गिरफ्तार कर न्यायालय भेज दिया।

## दिन भर रुक रुक कर होती रही बूँदाबांदी, मौसम हुआ सुहाना

**संतकबीरनगर( वेलकम इंडिया)।** बुद्धवार को पूरे दिन आसमान में बादल और बूँदाबांदी का दौर चला। जिससे जहां मौसम सुहाना हो गया लोगों को उमस भरी गर्मी से लोगों को कुछ राहत मिली है। तेज बारिश नहीं होने से खेतो में अभी पानी नहीं है जिससे निजी पंपिंग सेट से पानी चलाना किसानों की मजबूरी बनी हुई है। बारिश नहीं होने से जल स्तर में गिरावट आई है। किसान ज्यादा बारिश की आस लगाये हुए हैं ताकि वह धान की रोपाई कर सकें। किसान चुन्नी लाल शर्मा, अब्दुस्सलाम, राम बृक्ष यादव, वसीम सिद्दीकी, शारिक सिद्दीकी आदि ने कहा कि इस बार बारिश नहीं होने से धान की फसल की रोपाई किसान नहीं कर पा रहे हैं।

## हाईस्कूल और इंटरमीडिएट का अंकपत्र व प्रमाण पत्र का वितरण सोमवार से

**संतकबीरनगर( वेलकम इंडिया)।** विकास खण्ड सेमरियावा के एएच एग्री. इंटर कालेज उजियार दुधारा के हाईस्कूल व इंटरमीडिएट के परीक्षार्थियों का अंकपत्र व प्रमाण पत्र का वितरण सोमवार से शुरू होगा।

# बई में बारिश का कहर: मानखुर्द में तीन मंजिला इमारत ढही, एक ही परिवार के पांच लोगों की मौत

## मुंबई हादसे में उजड़ा पूरा परिवार, सब्जी लेने बाहर गए पति की बची जान; गांव में शव पहुंचते ही पसरा मातम

**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**बस्ती।** मुंबई में लगातार हो रही भारी बारिश के बीच एक दर्दनाक हादसे ने बस्ती जिले के एक परिवार को पूरी तरह उजाड़ दिया। मुंबई के मानखुर्द इलाके में एक मकान के ऊपर बनी तीन मंजिला इमारत अचानक भरभराकर गिर गई।



इस हादसे में एक ही परिवार के पांच लोगों की मलबे में दबकर दर्दनाक मौत हो गई। हादसे में परिवार के मुखिया की जान इसलिए बच गई क्योंकि घटना के समय वह सब्जी खरीदने के लिए घर से बाहर गए हुए थे।

हादसे में मृतकों के शव मुंबई से एंबुलेंस के माध्यम से उनके पैतृक गांव चौकिया/रसूलपुर, जनपद बस्ती लाए गए। शव गांव पहुंचते ही पूरे क्षेत्र में कोहराम मच गया। परिजनों के चीत्कार और ग्रामीणों की नम आंखों ने हर किसी को भावुक कर दिया।

मृतकों में मोइनुद्दीन की पत्नी अख्तर जहां (45 वर्ष), पुत्र कैसर (14 वर्ष), जलालुद्दीन (7 वर्ष), सेराजुद्दीन (6 वर्ष) तथा अनामिया (3 वर्ष) शामिल हैं। बताया गया कि मृतका अख्तर जहां का मायका बस्ती जिले के बाघनगर क्षेत्र में था। हादसे की खबर मिलते ही मायके और ससुराल दोनों परिवारों में शोक की लहर दौड़ गई।

गांव में एक साथ मां और चार मासूम बच्चों के जनाजे उठे तो हर आंख नम हो गई। अंतिम विदाई देने के लिए आसपास के गांवों से भी सैकड़ों लोग पहुंचे।

पूरे क्षेत्र का माहौल गमगीन रहा और हर कोई इस दर्दनाक हादसे को लेकर स्तब्ध दिखाई दिया। ग्रामीणों ने बताया कि मोइनुद्दीन रोजमर्रा की तरह सब्जी लेने बाजार गए थे।

इसी दौरान इमारत ढह गई और घर में मौजूद उनकी पत्नी तथा चारों बच्चे मलबे में दब गए। सूचना मिलने पर राहत एवं बचाव दल ने सभी को बाहर निकाला, लेकिन तब तक उनकी मौत हो चुकी थी।

इस हृदयविदारक घटना ने एक बार फिर जर्जर इमारतों की सुरक्षा और भारी बारिश के दौरान एहतियात बरतने की आवश्यकता पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

# उपनिरीक्षक अजय कसाना का कार्यकाल

**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**सहारनपुर।** उपनिरीक्षक अजय कसाना बहुत ही अच्छे व्यवहार के व्यक्ति हैं ! मेहनत योग्यता वाले उप निरीक्षक अजय कसाना अलग ही पहचान के लिए जाने जाते हैं। पुलिस विभाग हो या फिर जनता में अपनी बेहतरीन कार्य शैली के लिए जाने जाते हैं। उपनिरीक्षक अजय कसाना इनका पूर्व का कार्यकाल बताता है। अजय कसाना ने पुलिस के गौरव को बढ़ाने के साथ साथ जनता में अपनी अलग ही खास पहचान कायम की है कहीं भी रहे हो अपनी कार्य कुशलता व दबंगता का लोहा बनवाया है। उपनिरीक्षक अजय कसाना व्यवहार कुशलता के धनी होने के साथ साथ पुलिस विभाग में अपनी अलग पहचान रखते हैं।



उन्होंने अपनी लगन मेहनत एव तत्परता के दम पर अपने अधिकारियों को विश्वास में लेकर सदैव बेहतर करने का प्रयास किया अपने अधिकारियों के मार्ग निर्देश में बेहतर कार्य करते हुए सदैव खरा उतरने की कोशिश में रहे हैं जनपद सहारनपुर के कई थाने व पुलिस चौकी प्रभारी रहते हुए अपनी सैवाओं के दौरान जनता के दिलों पर छाप छोड़कर अपने अधिकारियों के नेतृत्व में उपनिरीक्षक अजय कसाना ने एक से बढ़कर एक गुड वर्क किये सबसे परिपूर्ण कानून व्यवस्था को मजबूत बनाकर रखा। सहारनपुर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अभिनंदन सिंह ने उपनिरीक्षक अजय कसाना को उनकी कार्य कुशलता देखकर गागलहेडी थाना क्षेत्र की उत्तर प्रदेश व उत्तराखंड बॉर्डर पर स्थित काली नदी पुलिस चौकी प्रभारी बनाया।

# नीरज अरोड़ा का जन्मदिन 'हरित दिवस' के रूप में मनाया, पौधारोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**नई दिल्ली।** पर्यावरण संरक्षण को जन-जन का अभियान बनाने के उद्देश्य से राजधानी की प्रतिष्ठित सामाजिक एवं साहित्यिक संस्था श्री राधा कृष्ण वेलफेयर सोसाइटी तथा गीतांजलि काव्य प्रसार मंच के संस्थापक एवं प्रख्यात समाजसेवी नीरज अरोड़ा का जन्मदिवस इस वर्ष 'हरित दिवस' के रूप में मनाया गया। इस अवसर पर मंच के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने देश के विभिन्न स्थानों पर पौधारोपण कर हरियाली बढ़ाने का संकल्प लिया तथा समाज को पर्यावरण संरक्षण का सशक्त संदेश दिया। कार्यक्रम का नेतृत्व मंच की राष्ट्रीय अध्यक्ष, सुप्रसिद्ध लेखिका, कवयित्री एवं मोटिवेशनल काउंसलर डॉ. गीतांजलि नीरज अरोड़ा 'गीत' ने किया। उन्होंने जतिन अरोड़ा, अनुराग-भाविका स्वामी तथा प्रथम स्वामी के साथ पौधारोपण कर अभियान का शुभारंभ किया। उन्होंने कहा कि बढ़ते प्रदूषण, जलवायु परिवर्तन और घटते हरित क्षेत्र को देखते हुए प्रत्येक व्यक्ति का यह नैतिक दायित्व है कि वह अपने जीवन में अधिक से अधिक पौधे लगाए और उनके संरक्षण का संकल्प भी निभाए। इस अवसर पर डॉ. गीतांजलि नीरज अरोड़ा ने घोषणा की कि मंच संस्थापक नीरज अरोड़ा की स्मृति में प्रतिवर्ष 1 जुलाई (डॉक्टर्स डे) के अवसर पर समाज और मानवता की निस्वार्थ सेवा करने वाले चिकित्सकों को सम्मानित करेगा। वर्ष 2026 के लिए डॉ. अशोक मैत्रेय, डॉ. सुनील सोनी, डॉ. वीणा मित्तल, डॉ. अतुल कुमार सिंह, डॉ. संजय कुमार, डॉ. सिद्धार्थ, डॉ. माधवी सिंह तथा डॉ. सूक्ष्म लता महाजन को 'नीरज अरोड़ा स्मृति चिकित्सक गौरव सम्मानझ2026' से सम्मानित किए जाने की घोषणा की गई। इन सभी चिकित्सकों का सम्मान जुलाई माह के अंत में मंच की पत्रिका 'नीरज कुंज' की वार्षिकी 'निरांजलि' के लोकार्पण समारोह में किया जाएगा। कार्यक्रम में मंच के संरक्षक एवं प्रख्यात साहित्यकार डॉ. सविता चड्ढा, प्रमुख सलाहकार, अंतरराष्ट्रीय लेखक, वरिष्ठ पत्रकार एवं वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर डॉ. शंभु पंवार, गुरुग्राम इकाई की अध्यक्ष शकुंतला मित्तल, रेणु मिश्रा, डॉ. कल्पना पांडेय,डॉ. सैयद अली अख्तर नकवी, डॉ. कामना मिश्रा, अर्चना गर्ग, रजनी बाला, स्वाती पूजा, ऋतु अग्रवाल, शालिनी शर्मा, शशि किरण श्रीवास्तव, अंजू अग्रवाल उत्साही तथा सुनीता अग्रवाल सहित अनेक साहित्यकारों एवं समाजसेवियों ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम के दौरान वक्ताओं ने कहा कि वृक्ष केवल प्रकृति की शोभा नहीं, बल्कि मानव जीवन का आधार हैं। स्वच्छ वायु, जल संरक्षण, जैव विविधता और आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के लिए पौधारोपण को जनभागीदारी का अभियान बनाना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उपस्थित सभी सदस्यों ने पौधारोपण के साथ-साथ लगाए गए पौधों के संरक्षण का भी संकल्प लिया। हरित दिवस के रूप में मनाया गया यह आयोजन सामाजिक सरोकार, पर्यावरण चेतना और मानवीय संवेदनाओं का प्रेरक उदाहरण बनकर उभरा तथा इसने समाज को प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाने का प्रभावी संदेश दिया।



# खलीलाबाद पुलिस ने चोरी की घटना का किया खुलासा, अभियुक्त गिरफ्तार

**वेलकम इंडिया संवाददाता**

**संतकबीरनगर।** पुलिस अधीक्षक संदीप कुमार मीना द्वारा चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत, अपर पुलिस अधीक्षक सुशील कुमार सिंह के मार्गदर्शन व क्षेत्राधिकारी खलीलाबाद प्रियम राजशेखर पाण्डेय के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना कोतवाली खलीलाबाद जय प्रकाश दूबे के नेतृत्व में गठित टीम उ0नि0 विनोद कुमार यादव, उ0नि0 रामाश्रय यादव, का0 अरुण कुमार, का0 कृष्णनारायण गौड़, का0 संतोष यादव ने मु0अ0सं0 618/2026 धारा 305(ए), 331(4) बीएनएस से सम्बन्धित अभियुक्त मोहम्मद नसीम उर्फ पिण्टू पुत्र फैज मोहम्मद निवासी शेरपुर(मगहर) थाना कोतवाली खलीलाबाद जनपद संतकबीरनगर को चोरी के 01 अदद नाक की कील, 01 अदद मंगलसूत्र, 01 अदद कान का झाला, 01 अदद लाकेट, 01 अदद एण्ड्रायड मोबाइल, 01 अदद जेवर खरीद पर्ची, 01 अदद छोटा लाल पर्स, 01 अदद सिम, 320 रु0 नकद के साथ काला गेट मगहर के पास से आज



दिनाँक 08.07.2026 को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय रवाना किया गया। गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर मु0अ0सं0 244/2026 उपरोक्त में धारा 317(2) बीएनएस की बढोत्तरी की गयी। दिनाँक 07.07.2026 को वादी श्री तौकीर आलम पुत्र स्व0 जफरे आलम निवासी मो0 अंजान शहीद मगहर थाना कोतवाली खलीलाबाद जनपद संतकबीरनगर द्वारा थाना कोतवाली खलीलाबाद पर दिनाँक 06/07.07.2026 की रात्रि में अभियुक्त उपरोक्त द्वारा वादी के घर में घुसकर आलमारी से सामान चोरी कर लेने के सम्बन्ध में प्रार्थना पत्र दिया गया था। प्राप्त प्रार्थना पत्र के आधार पर कोतवाली खलीलाबाद पर अभियोग पंजीकृत किया गया था। गिरफ्तार अभियुक्त मोहम्मद नसीम से पूछताछ की गयी तो बताया कि दिनाँक 06/07.07.2026 की रात्रि में अंजान शहीद में तौकीर आलम के घर में घुसकर अलमारी में रखा लाल रंग का पर्स व मोबाइल चोरी कर लिया था जिसमें बरामद जेवर व 500 रु0 रखे थे। चोरी करते समय तौकीर आलम आवाज सुनकर हल्ला करते हुए पकड़ने के लिए पीछा किए थे लेकिन अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल हो गया था। चोरी के 500 रु0 में से 180रु0 खाने पीने में खर्च कर दिया था।

# चंपावत जिले के आबकारी की शराब पहुंच गई बागेश्वर

## पुलिस ने अवैध शराब की तस्करी का किया भंडाफोड़

वेलकम इंडिया संवाददाता



**बागेश्वर।** 'ऑपरेशन प्रहार' के तहत पुलिस अधीक्षक बागेश्वर जितेंद्र मेहरा के निदेर्शानुसार तथा क्षेत्राधिकारी बागेश्वर अजय शाह के पर्यवेक्षण में जनपद में अवैध मादक पदार्थों की तस्करी/बिक्री की रोकथाम हेतु बागेश्वर पुलिस द्वारा चलाए जा रहे सघन चैकिंग अभियान के तहत थाना बैजनाथ पुलिस टीम द्वारा डंगोली-ग्वालदम मार्ग बैजनाथ के पास चेकिंग अभियान चलाया जा रहा था। कोतवाली बैजनाथ पुलिस ने वैध शराब पास की आड़ में अवैध शराब की तस्करी करने का भंडाफोड़ किया है। कोतवाल कैलाश नेगी अपनी कोतवाली टीम के साथ क्षेत्र में पुलिस टीमों को चेकिंग अभियान में भेजा था। जहां शराब तस्करी करने वाले एक अभियुक्त को पिकअप वाहन के साथ अवैध अंग्रेजी शराब के साथ गिरफ्तार किया है ।वही पुलिस ने पिकप वाहन को किया सीज है।

कोतवाली बैजनाथ पुलिस मध्य रात्रि में रात्रि गश्ती पर थी, गश्ती के दौरान पुलिस टीम को एक पिकप वाहन दिखा, जिससे पुलिस टीम ने पूछताछ की, साथ ही वाहन संदिग्ध दिखने पर चेकिंग की ।चेकिंग के दौरान पिकप वाहन संख्या यूके-03CA-2114 में शराब लदी हुई थी। चालक से पूछताछ की गयी तो चालक द्वारा बताया गया कि वह चम्पावत एफएल-2 से 150 मैकडॉवेल्स व्हिस्की की पेटियां लेकर आया था जिन्हें मुझे कन्धार शराब की दुकान में सप्लाई देनी थी ।चेकिंग में पूछताछ में चालक ने बताया कि 47 पेटिया रास्ते में सप्लाई कर दी है। शेष 103 पेटियों की सप्लाई देने हेतु यहॉ पर रुका था। जिस पर वाहन चालक से माल परिवहन से संबंधित कागजात तलब किए गए तो चालक के पास कोई वैध कागजात होने नही पर नियमानुसार वाहन में रखी 103 पेटियों में 1236 बोतल अग्रेंजी मैकडॉवेल व्हिस्की शराब बरामद हुई। जिसकी कीमत लगभग रुपये आठ लाख77हजार रुपए बताई जा रही है। पुलिस ने मौके से वाहन चालक अभियुक्त सुभाष कुमार पुत्र लीला राम, निवासी ललुवापानी नघान थाना व जिला चम्पावत उम्र-25 वर्ष को अवैध शराब परिवहन करने पर गिरफ्तार कर वाहन को सीज कर दिया। बरामद शराब को जब्त कर अभियुक्त के विरुद्ध कोतवाली बैजनाथ में 23/2026, धारा 60(1)/72 आबकारी अधिनियम के अंतर्गत मुकदमा दर्ज कर अभियुक्त को न्यायालय में भेज दिया है। वही मामले का खुलासा करते हुए पुलिस उपाधीक्षक अजय साह ने बताया कि पुलिस नेटवर्क के सम्बन्ध में भी जानकारी जुटा रही है। वही चंपावत जिले से कैसे वहां के एफएल-2रमन्ने की शराब की सप्लाई जिले तक पहुंच गई इसको लेकर अब आबकारी नीति और आबकारी विभाग, पुलिस और प्रशासन की कार्यशैली पर सवालिया निशान भी उठने लगे हैं। सूत्रों के अनुसार जिले में शराब कारोबारी जिसके चंपावत जिले सहित अन्य जिलों में शराब का कारोबार होगा, उन्ही के द्वारा जिले में अपने चुनिंदा शराब की दुकानों को यह शराब की सप्लाई की जा रही होगी ।पर अब तक ऐसे कई मामले प्रकाश में आए है। पर कुछ समय बाद पकड़ी गई शराब को छूटा लिया जाता है ।ऐसे में आबकारी विभाग,पुलिस और प्रशासन की कार्यशैली सवालों के घेरे में है। क्या पुलिस ऐसे नेटवर्क का पदार्फाश करेगी। यह आने वाला1समय बताएगा। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम उपनिरीक्षक उमेश सिह रजवार,हेड कांस्टेबल नरेन्द्र राणा, राजेन्द्र रौतेला,अशोक कुमार, नरेन्द्र ढोक्ती, राधेश्याम लोहनी आदि मौजूद थे।

# विद्युत समस्याओं के निदान की उठाई आवाज



वेलकम इंडिया संवाददाता

**स्याना/बुलंदशहर।** पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड के अधिशासी अभियंता के स्याना स्थित कार्यालय पहुंचे उद्योग व्यापार मंडल पदाधिकारियों ने एक्सईएन (अधिशासी अभियंता) को विद्युत समस्याओं से संबंधित मांगपत्र सौंपकर समस्याओं के समाधान की मांग की। मांगपत्र में अवगत कराया है कि विद्युत उपभोक्ताओं का विद्युत भार बिना उपभोक्ताओं की डिमांड तथा बिना सहमति के बढ़ा दिया गया है जोकि अनुचित है। उपभोक्ता की डिमांड अथवा संहमति के बिना लोड नहीं बढ़ाया जाना चाहिए। अवगत कराया कि स्याना नगर क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति लो वोल्टेज की समस्या का सामना कर रही है, जिससे घर/दुकानों में इलैक्ट्रिक उपकरण फुंक रहे हैं तथा शार्ट सर्किट के भी मामले बनने से आग लगने का खतरा मंडरा रहा है। लो वोल्टेज की समस्या के निराकरण की मांग की गई है। अवगत कराया कि बकाया विद्युत बिल की पूर्व सूचना उपभोक्ताओं को दिए बगैर कनेक्शन विच्छेदन करना नितान्त गलत है। मांग की गई है कि उपभोक्ता की अनुपस्थिति में कनेक्शन विच्छेदन कर दिया जाना बंद होना चाहिए। अवगत कराया कि विद्युत आपूर्ति के दौरान फेस गायब हो जाने की समस्या भी बनी हुई है, जिसका निदान किया जाना भी आवश्यक है। अधिशासी अभियंता को मांगपत्र सौंपे जाने वाले प्रतिनिधिमंडल में उद्योग व्यापार मंडल के नगराध्यक्ष राजेश चौहान, महामंत्री वैभव रस्तोगी सभासद व हरिओम वर्मा, मनोज कंसल तथा मोहित वर्मा शामिल रहे।

# जलभराव पर सख्त हुईं ईओ, सड़कों से पानी निकासी के दिए निर्देश



जलभराव का निरीक्षण करतीं नगर पालिका परिषद की अधिशासी अधिकारी नीतू सिंह

वेलकम इंडिया संवाददाता

**शिकारपुर।** नगर पालिका परिषद की अधिशासी अधिकारी नीतू सिंह ने बुधवार को मोहल्ला लाल दरवाजा में बरसात के कारण हुए जलभराव का निरीक्षण किया। उन्होंने सफाई प्रभारी जामिन अली व सफाई नायकों को तत्काल जल निकासी कराने तथा नालियों की नियमित सफाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। ईओ ने कहा कि बरसात के दौरान स्वच्छता व्यवस्था में किसी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। साथ ही नागरिकों से अपील की कि नालियों में कूड़ा-करकट व प्लास्टिक न डालें, ताकि जल निकासी बाधित न हो और जलभराव की समस्या से बचा जा सके।

# सेवा पखवाड़ा शिविर में 205 लोगों ने उठाया जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ, सभी शिकायतों का मौके पर हुआ निस्तारण







वेलकम इंडिया संवाददाता

**बागेश्वर।** गोविन्द मेहता,मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में राज्य सरकार के पाँच वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में संचालित 'सेवा, सुशासन एवं समर्पण' तथा 'जन-जन की सरकार, जन-जन के द्वार' अभियान के अंतर्गत बुधवार को कृषि विज्ञान केंद्र, काफलीगैर में सेवा पखवाड़ा के तहत विशेष जनसेवा शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ स्थानीय विधायक श्रीमती पार्वती दास ने किया। इस अवसर पर विधायक श्रीमती पार्वती दास ने जनपदवासियों से सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत निर्धारित तिथियों पर आयोजित विशेष शिविरों में अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभाग करने तथा राज्य सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाने की अपील की। शिविर में कुल 205 लोगों ने प्रतिभाग कर विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ प्राप्त किया। इस दौरान सात शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनका संबंधित विभागों द्वारा मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया। इसके अतिरिक्त विभिन्न योजनाओं से संबंधित 93 आवेदन भी प्राप्त किए गए। शिविर का उद्देश्य राज्य सरकार द्वारा विगत पाँच वर्षों में किए गए विकास कार्यों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुँचाना तथा पात्र लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं से जोड़कर उन्हें योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराना रहा। शिविर में विभिन्न विभागों द्वारा अपनी-अपनी जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। साथ ही पात्र लाभार्थियों का पंजीकरण कर उन्हें विभिन्न योजनाओं का लाभ उपलब्ध कराया गया तथा आवश्यक परामर्श एवं मार्गदर्शन भी दिया गया।

# शिक्षकों को मिले कैशलेस हेल्थ कार्ड, 1.55 लाख छात्रों के अभिभावकों के खातों में पहुंचे 1200



शिक्षकों को मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना के हेल्थ कार्ड वितरित किए।

वेलकम इंडिया संवाददाता

**बुलंदशहर।** कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्यमंत्री की जनकल्याणकारी योजनाओं के शुभारंभ का जनपद स्तरीय कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के लाइव प्रसारण के साथ शिक्षकों को मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना के तहत हेल्थ कार्ड वितरित किए गए तथा परिषदीय विद्यालयों के 1,55,188 छात्र-छात्राओं के अभिभावकों के खातों में डीबीटी के माध्यम से 1200 की धनराशि भेजी गई।

कार्यक्रम में राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष डॉ. बबीता चौहान, सांसद डॉ. भोला सिंह, विधायक लक्ष्मीराज सिंह, सीडीओ निशा ग्रेवाल सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान बेसिक शिक्षा विभाग और स्टेट बैंक ऑफ इंडिया के बीच एमओयू भी हुआ। जनपद के 14,632 शिक्षा कर्मियों एवं संविदा कर्मियों को कैशलेस चिकित्सा योजना का लाभ मिलेगा।

# आरपीएफ वाराणसी की सतर्कता से बिछड़े यात्री, नाबालिग बालिका और खोया सामान सुरक्षित परिजनों को सौंपा

वेलकम इंडिया संवाददाता







**वाराणसी।** मंडल रेल प्रबंधक आशीष जैन के निर्देश में एवं वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त एस.रामकृष्णन के नेतृत्व में रेलवे सुरक्षा बल,वाराणसी मंडल द्वारा रेल सम्पत्ति की सुरक्षा,अवैध सामानों की धर पकड़,यात्रियों को सुरक्षा प्रदान करने के साथ ही बचपन बचाओ अभियान के तहत मानव तस्करी की रोकथाम का निरंतर प्रयास किया जाता है। इसी क्रम में बचपन बचाओ अभियान के अन्तर्गत 6 जुलाई 2026 को रेलवे सुरक्षा बल, वाराणसी सिटी स्टेशन पर हेड कांस्टेबल त्रिभुवन मिश्रा द्वारा प्लेटफार्म नंबर 2,3 पर ड्यूटी के दौरान एक 14 वर्ष की नाबालिक लड़की रोती हुई मिली जिससे पूछताछ करने पर अपना नाम ज्ञानती, पुत्री श्री पिंटू,जिला अलीगढ़ उत्तर प्रदेश बतायी जो अपने पिताजी के साथ नानी घर जा रही थी तो वह वाराणसी सिटी पर स्टेशन पर छूट गयी। उक्त बात को सुनकर मैं बालिका वाराणसी सिटी पोस्ट पर लाकर चाइल्डलाइन हेल्प नंबर 1098 को सूचित कर ठीक- ठीक हालत में चाइल्डलाइन को अग्रिम कार्रवाई हेतु सुपूर्द किया गया। इसी क्रम में 7 जुलाई 2026 को 139 हेल्पलाइन के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि गाड़ी संख्या 15113 से गोमती नगर से थावे की यात्रा के दौरान एक मानसिक रूप से अस्वस्थ यात्री पतिराम सिंह अपने परिजनों से बिछड़ गए है। सूचना मिलते ही रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट कप्तानगंज सक्रिय हो गई प्लेटफॉर्म ड्यूटी पर तैनात आरपीएफ कर्मियों की सतर्कता एवं त्वरित कार्रवाई से पतिराम सिंह को कप्तानगंज स्टेशन पर सुरक्षित खोज लिया गया। सूचना मिलने पर उनके भतीजे अनुज कुमार सिंह पोस्ट कप्तानगंज पहुंचे। पहचान एवं आवश्यक औपचारिकताएं पूर्ण करने के उपरांत सहायक उप निरीक्षक लालमन प्रसाद द्वारा पतिराम सिंह को उनके भतीजे के सुपुर्द कर दिया गया। इसी क्रम में 6 जुलाई 2026 को गाड़ी संख्या 12562 के कोच र-3 में एक प्लास्टिक का बोरा जिसमें बाल्टियाँ एवं अन्य सामान रखा था रेलवे सुरक्षा बल को प्राप्त हुआ। सूचना मिलते ही सामान को सुरक्षित रूप से रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट पर जमा कर लिया गया। 7 जुलाई 2026 को श्री मोतीलाल निवासी जनपद आजमगढ़,रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट पर उपस्थित हुए उन्होंने बताया कि नई दिल्ली से औड़िहार की यात्रा के दौरान उतरते समय उनका उक्त बोरा ट्रेन में ही छूट गया था।

# किसानों की समस्याओं को लेकर सौंपा ज्ञापन, ग्रीन फील्ड एक्सप्रेसवे व बिजली का उठाया मुद्दा



किसानों की समस्याओं को लेकर अधिकारियों को चौधरी कुलदीप गुड्डू सौंपते ज्ञापन।

वेलकम इंडिया संवाददाता

**बुलंदशहर।** भारतीय किसान यूनियन (अराजनीतिक) के जिला संरक्षक चौधरी कुलदीप गुड्डू के नेतृत्व में किसानों एवं मातृशक्ति के प्रतिनिधि जिलाधिकारी कार्यालय में अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) से मुलाकात कर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सौंपा। इसके बाद मुख्य विकास अधिकारी सुश्री निशा ग्रेवाल, जिला कृषि अधिकारी रामकुमार यादव एवं सहायक आयुक्त निबंध हर्ष कुमार से भी विभिन्न किसान समस्याओं पर चर्चा की। ज्ञापन में ग्रीन फील्ड एक्सप्रेसवे से प्रभावित प्रत्येक गाटा धारक को 5.50 लाख देने, अंडरपास, सर्विस रोड, लिंक मार्ग, अघोषित बिजली कटौती पर रोक, ट्रांसफार्मर क्षमता वृद्धि, यूरिया-डीएपी वितरण में पारदर्शिता, फार्मर रजिस्ट्री, खतौनी त्रुटियों के समाधान एवं शिकारपुर-जहांगीराबाद मार्ग का निर्माण शीघ्र पूरा कराने सहित कई मांगें उठाई गईं। जिला कृषि अधिकारी ने बताया कि जनपद में 2600 एमटी यूरिया की रेक पहुंच चुकी है तथा 2600 एमटी डीएपी की रेक गुरुवार तक पहुंच जाएगी। अधिकारियों ने समस्याओं के शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया।

# 'हुनर-एक नई पहचान' मेला 11 जुलाई को, महिला उद्यमिता को मिलेगा नया मंच

## सावन स्पेशल 'हुनर-एक नई पहचान' प्रदर्शनी एवं मेला, हस्तनिर्मित उत्पादों और महिला सशक्तिकरण का होगा संगम







वेलकम इंडिया संवाददाता





**वाराणसी।** मारवाड़ी युवा मंच अन्नपूर्णा शाखा द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 'हुनर -एक नई पहचान' प्रदर्शनी एवं मेला का आयोजन 11 जुलाई 2026 शनिवार को बालाजी पैलेस महमूरगंज में किया जाएगा। मेले का उद्देश्य महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना,स्थानीय उद्यमियों को मंच प्रदान करना तथा समाज सेवा के साथ हस्तनिर्मित उत्पादों को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केशव जालान,डॉ.भारती मधोक एवं सुनीता लोहिया,डॉ दीपाली गुप्ता उमा बजाज।

सावन एवं आगामी त्योहारों को ध्यान में रखते हुए आयोजित इस एक दिवसीय मेले में दिल्ली,कोलकाता, लखनऊ,प्रयागराज,भदोही सहित विभिन्न शहरों से आए उद्यमी अपने हस्तनिर्मित उत्पादों की प्रदर्शनी लगाएंगे। मेले में साड़ियां, बंधनवार, भगवान की पोशाक, कस्टमाइज्ड गिफ्ट आइटम, बेडशीट, कुर्तियां, चिकनकारी, ज्वेलरी सहित अनेक आकर्षक वस्तुएं एक ही स्थान पर उपलब्ध होंगी।

मेले की संयोजिका पूजा खेमका एवं श्वेता अग्रवाल हैं। संस्था की सचिव सुनीता अग्रवाल,कोषाध्यक्ष नेहा गोयल, आयोजन को सफल बनाने में संस्था की अध्यक्षा निहारिका तोदी के नेतृत्व में पूर्व अध्यक्षों में सुनीता जाखोड़िया एवं अन्य पदाधिकारी सदस्य निधि केडिया, प्रीति प्रहलादका, सुनीति खंडेलवाल,पूनम खंडेलवाल, प्रियंका खंडेलवाल, सपना माहेश्वरी, पूजा अग्रवाल,स्वाति बाजोरिया सहित सभी सदस्य सक्रिय रूप से सहयोग कर रही हैं।

कार्यक्रम के समापन पर निर्वतमान अध्यक्षा पूजा खेमका एवं पूर्व अध्यक्षा श्वेता अग्रवाल द्वारा धन्यवाद ज्ञापन किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से अनुराग चंदवासिया पूर्ण क्रांति अध्यक्ष मौजूद रहे।

# पीएमजीएसवाई कार्यों में गुणवत्ता से नही हो समझौता

## समयबद्ध ढंग से पूर्ण हों सभी परियोजनाएं: जिलाधिकारी

वेलकम इंडिया संवाददाता





**बागेश्वर।** जिलाधिकारी अपूर्वा पाण्डे की अध्यक्षता में बुधवार को प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (पीएमजीएसवाई) के अंतर्गत संचालित एवं लंबित कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में पीएमजीएसवाई अधिकारियों ने जनपद में विभिन्न चरणों के अंतर्गत स्वीकृत एवं निमार्णाधीन मोटर मार्गों की प्रगति से जिलाधिकारी को अवगत कराया। साथ ही पीएमजीएसवाई के अंतर्गत प्रस्तावित मोटर मार्गों तथा बागेश्वर एवं कपकोट खंडों में संचालित कार्यों का विस्तृत विवरण भी प्रस्तुत किया गया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि सभी निर्माण कार्य निर्धारित समयसीमा के भीतर पूर्ण किए जाएं तथा गुणवत्ता के साथ किसी भी स्तर पर समझौता न किया जाए। उन्होंने कहा कि कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा अनावश्यक विलंब स्वीकार नहीं किया जाएगा। उन्होंने निमार्णाधीन कार्यों की प्रगति की साप्ताहिक समीक्षा रिपोर्ट तथा डीपीआर की प्रगति रिपोर्ट प्रत्येक 15 दिवस में मुख्य विकास अधिकारी एवं जिलाधिकारी को अनिवार्य रूप से उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। बैठक में वर्तमान आपदा के कारण मोटर मार्गों को हुई क्षति की भी समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने प्रभावित मार्गों पर त्वरित मरम्मत कार्य सुनिश्चित करते हुए आवागमन शीघ्र सुचारु कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए ।पीएमजीएसवाई के अधिशासी अभियंता अंबरीश रावत ने बताया कि पीएमजीएसवाई फेज-1 एवं फेज-2 के अंतर्गत स्वीकृत कुल 241 कार्यों में से 240 कार्य पूर्ण किए जा चुके हैं, जबकि एक सेतु निर्माण कार्य प्रगति पर है। फेज-3 के अंतर्गत स्वीकृत 12 सड़क निर्माण कार्यों में से 5 पूर्ण हो चुके हैं तथा 7 कार्य प्रगति पर हैं। पीएमजीएसवाई-4 के अंतर्गत जनपद में कुल 27 मोटर मार्ग प्रस्तावित हैं, जिनमें सिंचाई खंड बागेश्वर के 12 तथा ग्रामीण निर्माण विभाग कपकोट के 15 मोटर मार्ग शामिल हैं। उन्होंने बताया कि जीएसएस ऐप के माध्यम से कुल 112 बसावटों का सर्वेक्षण किया गया है।

# शिक्षकों को वितरित किए गए कैशलेस चिकित्सा कार्ड





वेलकम इंडिया संवाददाता

**शिकारपुर।** शिक्षकों के स्वास्थ्य के प्रति संवेदनशीलता दिखाते हुए 'मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना' का औपचारिक शुभारंभ आज वाराणसी से किया गया। इस महत्वपूर्ण योजना के प्रदेशव्यापी विस्तार के क्रम में, स्थानीय स्तर पर तहसील शिकारपुर में भी एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें विकासखंड शिकारपुर और पहासू के शिक्षकों को कैशलेस चिकित्सा कार्ड वितरित किए गए । कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए उपजिलाधिकारी रवींद्र प्रताप सिंह ने अपने कर-कमलों से शिक्षकों को चिकित्सा कार्ड प्रदान किए। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षकों के स्वास्थ्य और उनके परिवार की सुरक्षा को लेकर अत्यंत गंभीर है। यह कैशलेस चिकित्सा कार्ड शिक्षकों के लिए एक बड़ा सुरक्षा कवच साबित होगा, जिससे वे बिना किसी आर्थिक चिंता के अपना और अपने परिजनों का इलाज उत्कृष्ट चिकित्सा संस्थानों में करा सकेंगे। कार्यक्रम के दौरान तहसीलदार गौरव विश्नोई, खंड शिक्षा अधिकारी शिकारपुर अमन गुप्ता और खंड शिक्षा अधिकारी पहासू अमित गुप्ता ने उपस्थित शिक्षकों को योजना की बारीकियों से अवगत कराया।

# मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना एवं डीबीटी योजनाओं का भव्य शुभारंभ

## ब्लॉक संसाधन केंद्र भोजपुर में मुख्यमंत्री के सजीव प्रसारण के साथ लाभार्थियों को वितरित किए गए योजनाओं के लाभ

वेलकम इंडिया संवाददाता



**मोदीनगर।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कर-कमलों द्वारा प्रदेशव्यापी मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना, विद्यार्थियों को डीबीटी के माध्यम से यूनिफॉर्म, जूते, बैग एवं स्टेशनरी हेतु धनराशि वितरण, तथा शिक्षकों एवं कर्मचारियों को स्वास्थ्य सुरक्षा प्रदान करने संबंधी विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं का शुभारंभ वाराणसी में किया गया इसके समानांतर तहसील स्तरीय कार्यक्रम आज ब्लॉक संसाधन केंद्र भोजपुर में भव्य रूप से संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्यमंत्री के शुभारंभ एवं संबोधन का सजीव प्रसारण भी प्रदर्शित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना के साथ हुआ। मंच का प्रभावशाली एवं गरिमामय संचालन श्रीमती अनुराधा ने किया। उन्होंने मंचासीन सभी माननीय अतिथियों, जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिकारियों, शिक्षकों, विद्यालय प्रबंधकों एवं उपस्थित गणमान्य नागरिकों का आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन करते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्रीमती सुचेता सिंह ब्लाक प्रमुख भोजपुर एवं अन्य जन प्रतिनिधियों का पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर भव्य स्वागत किया गया। इस अवसर अनेक जनप्रतिनिधियों की गरिमामय उपस्थिति रही। कार्यक्रम में खंड शिक्षा अधिकारी मुरादनगर जमुना प्रसाद एवं खंड शिक्षा अधिकारी भोजपुर सुश्री महिमा ने सभी माननीय अतिथियों, जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, शिक्षकों एवं उपस्थित जनसमुदाय का हार्दिक स्वागत करते हुए कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार शिक्षा एवं स्वास्थ्य के क्षेत्र में ऐतिहासिक कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना तथा विद्यार्थियों को डीबीटी के माध्यम से दी जा रही सहायता शिक्षा व्यवस्था को और अधिक सशक्त एवं प्रभावी बनाएगी। उन्होंने कहा कि इन योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक पूर्ण पारदर्शिता के साथ पहुँचाया जाएगा। मुख्य अतिथि श्रीमती सुचेता सिंह जी ने अपने संबोधन में कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार शिक्षा, स्वास्थ्य एवं जनकल्याण के क्षेत्र में निरंतर नए आयाम स्थापित कर रही है। शिक्षकों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा तथा विद्यार्थियों को प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के माध्यम से आर्थिक सहायता उपलब्ध कराना सरकार की जनहितकारी एवं संवेदनशील सोच का प्रमाण है। उन्होंने सभी लाभार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में बैंक ऑफ इंडिया के प्रबंधक श्रीमती रितु सिंह द्वारा इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों द्वारा लाभार्थियों को योजनाओं का लाभ कैशलेस चिकित्सा योजना कार्ड वितरित किया गया तथा मुख्यमंत्री के सजीव संबोधन का सामूहिक अवलोकन किया गया। उपस्थित सभी अतिथियों ने प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की मुक्त कंठ से सराहना की गई। तहसील मोदीनगर स्तरीय कार्यक्रम में 150 प्रतिभागी इस कार्यक्रम का हिस्सा बने। कार्यक्रम को सफल बनाने में पवन कुमार तिवारी प्रदीप कुमार नीरज सनी अमरदीप आदि का सहयोग सराहनीय रहा।कार्यक्रम का आयोजन बेसिक शिक्षा विभाग एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग, गाजियाबाद के संयुक्त तत्वावधान में किया गया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान एवं सभी आगंतुकों के प्रति आभार व्यक्त करने के साथ हुआ।

# लाइन पार क्षेत्र की वर्षों पुरानी लो वोल्टेज समस्या का शीघ्र होगा समाधान

अनिल वशिष्ठ



**मोदीनगर (वेलकम इंडिया)।** विद्युत विभाग द्वारा लाइन पार क्षेत्र की वर्षों पुरानी लो वोल्टेज समस्या के समाधान की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। लगातार एक वर्षो से लिखित मांग की जा रही थी। विद्युत वितरण खंड के अंतर्गत उपकेंद्र गदाना से जुड़े लाइन पार क्षेत्र भोपेंद्रपुरी, चुन्नाभट्टी, इंद्रापुरी, नंदनगरी, विश्वकर्मा बस्ती, सीकरी, निजामपुर, तिबड़ा रोड, कृष्णकुंज, मोदीपोंड, कावेरी, शमीर विहार सहित आसपास के क्षेत्रों में लंबे समय से लो वोल्टेज की गंभीर समस्या बनी हुई थी। इस समस्या को लेकर विनोद गौतम पूर्व सभासद (अध्यक्ष विद्युत जन कल्याण समिति उत्तर प्रदेश(रजि.)लगातार विद्युत विभाग के समक्ष मांग उठाते रहे तथा विभिन्न स्थानों पर आवश्यक तकनीकी सुधार एवं क्षमता वृद्धि के सुझाव भी देते रहे। उन्होंने बताया कि विद्युत वितरण खंड के धर्मेंद्र कुमार अधिशासी अभियंता, एवं उपखंड अधिकारी राम इकबाल ने हमारी मांगों को गंभीरता से लेते हुए स्वयं हमारे साथ पूरे क्षेत्र का विस्तृत सर्वे कराया। सर्वे के आधार पर उन्होंने गदाना विद्युत उपकेंद्र की क्षमता वृद्धि तथा क्षेत्र की भविष्य की आवश्यकताओं को देखते हुए दो नए विद्युत उपकेंद्र स्थापित करने का प्रस्ताव उच्च अधिकारियों के समक्ष भेज दिया है। उन्होंने लिखित जानकारी दी कि गदाना विद्युत उपकेंद्र की क्षमता वृद्धि का कार्य लगभग 15 दिनों के भीतर प्रारंभ होकर पूरा होने की उम्मीद है। जिसमे 10 एम वी ए का टी/एफ लग जाएगा। इसके अतिरिक्त भूपेंद्रपुरी, चुन्नाभट्टी, इंद्रापुरी, नंदनगरी तथा अन्य प्रभावित क्षेत्रों में ट्रांसफॉर्मरों की क्षमता वृद्धि एवं आवश्यक विद्युत सुधार कार्य भी लगभग एक माह के भीतर पूर्ण कर दिया जाएगा।, जिससे लो वोल्टेज की समस्या का स्थायी समाधान मिलेगा। विशेष रूप से उन्होंने यह भी बताया कि सीकरी के नाम से मोदी इंडस्ट्री परिसर में एक नया विद्युत उपकेंद्र तैयार किया गया है, जिससे तिबड़ा रोड एवं आसपास के क्षेत्रों को भगवान गंज मंडी को विद्युत आपूर्ति उपलब्ध कराई जाएगी। यह कदम क्षेत्रवासियों के लिए अत्यंत लाभकारी एवं सराहनीय है। अधिकारियों ने आश्वस्त किया कि क्षेत्रवासियों की सभी प्रमुख मांगों पर आवश्यक कार्रवाई कर दी गई है तथा बहुत जल्द जनता को बेहतर और निर्बाध विद्युत आपूर्ति उपलब्ध होगी। विनोद गौतम ने मोदीनगर विद्युत वितरण खंड के अधिशासी अभियंता, उपखंड अधिकारी राम इकबाल एवं पूरे विद्युत विभाग का हृदय से आभार एवं धन्यवाद व्यक्त करता हूँ। उन्होंने हमारी जनहित की मांगों को प्राथमिकता देकर सकारात्मक पहल की है। हमें विश्वास है कि इन कार्यों के पूर्ण होने के बाद लाइन पार क्षेत्र के हजारों उपभोक्ताओं को लो वोल्टेज की समस्या से स्थायी राहत मिलेगी।

# ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीडी शर्मा को शादी की सालगिरह पर दी हार्दिक शुभकामनाएं



वेलकम इंडिया संवाददाता

**मोदीनगर।** अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बीडी शर्मा की शादी की 62 वीं साल गिरह पर समस्त राष्ट्रीय प्रांतीय एवं जिला कार्यकारिणी एवं सदस्यों ने उन्हें हार्दिक शुभकामनाएं दी और उनके दीघार्यु की कामना की।ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय महासचिव शिव मोहन भारद्वाज ने बताया कि श्रीमती एवं बी डी शर्मा , अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष की शादी की सालगिरह पर आयोजित एक कार्यक्रम में कार्यकताओं ने उन्हें मिठाई खिलाकर हार्दिक शुभकामनाएं देकर उनके दीघार्यु की कामना की। इस मौके पर राष्ट्रीय महामंत्री शिव मोहन भारद्वाज गाजियाबाद के जिला अध्यक्ष बुद्ध प्रकाश शर्मा राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष विनीत कांत पराशर राष्ट्रीय प्रवक्ता शिवकुमार शर्मा जिला महामंत्री लोकेश कौशिक सूर्यकांत भारद्वाज मनीष शर्मा आदि गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे सभी ने दंपति को हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित की और भगवान से दोनों की दीघार्यु की प्रार्थना की

अखिल भारतवर्षीय ब्राह्मण महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष पं. बी.डी. शर्मा ने सभी के द्वारा दी गई अपार शुभकामनाओं के लिए कोटि-कोटि आभार वयकत किया।

# वैश्य समाज मोदीनगर ने अभिमन्यु कुमार गुप्ता को दी बधाई एवं शुभकामनाएं

अनिल वशिष्ठ

**मोदीनगर (वेलकम इंडिया)।** अभिमन्यु कुमार गुप्ता निवासी अग्रवाल मंडी, टटीरी बागपत को अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनोनीत किए जाने पर वैश्य समाज मोदीनगर का एक प्रतिनिधि मंडल ने उन्हें मिठाई खिलाकर बधाई देते हुए उन्हें अपनी शुभकामनाएं दी ।वैश्य समाज मोदीनगर के संरक्षक देवराज मित्तल के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल ने अग्रवाल मंडी, टटीरी बागपत जाकर अभिमन्यु कुमार गुप्ता को अग्रवाल सम्मेलन का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनोनीत किए जाने पर हार्दिक बधाई दी और



मिठाई खिलाई। देवराज मित्तल ने बताया कि

पूरे देश के अग्रवालों का राष्ट्रीय स्तर पर प्रतिनिधित्व करने वाला एकमात्र शीर्ष संगठन है। अपनी प्रादेशिक और जिला इकाइयों के साथ-साथ यह संगठन महिला मंडल और युवा मंडल के माध्यम से संपूर्ण राष्ट्र में समाज को संगठित करने हेतु निरंतर प्रयासरत है। समाज हित में आपकी सक्रियता, अनुभव और अटूट निष्ठा को देखते हुए, अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के कार्यों को सुचारु रूप से चलाने, सम्मेलन को नई दिशा देने एवं राष्ट्रीय स्तर पर समाज को सशक्त बनाने हेतु आपको अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन का राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया है।

इस मौके पर वैश्य समाज मोदिनगर संरक्षक देवराज मित्तल अध्यक्ष, डा. ब्रजभूषण बंसल के साथ अश्वनी कोषाध्यक्ष , संजय सिंघल उपाध्यक्ष, सुदेश मित्तल, उपाध्यक्ष, अनिल गोयल उपाध्यक्ष, डा. आशाराम गर्ग , राजेन्द्र गोयल मीडिया प्रभारी, रवीन्द्र सहमंत्री, सर्वेश मित्तल आदि उपस्थित रहे।

# राजनगर की 'सुरभि-2026' ने जीता मंत्री का दिल, जनहित में आरडब्ल्यूए की पहल को मिली सराहना

वेलकम इंडिया संवाददाता



**गाजियाबाद।** राजनगर रेजिडेंट्स वेलफेयर एसोसिएशन (आरडब्ल्यूए) द्वारा प्रकाशित बहुउपयोगी 'सुरभि-2026' पत्रिका उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा को ससम्मान भेंट की गई। इस अवसर पर आरडब्ल्यूए सेक्टर-10 के प्रतिनिधि सौरभ गर्ग ने बताया कि पत्रिका में राजनगर की सामाजिक गतिविधियों, नागरिक सुविधाओं, महत्वपूर्ण संपर्क सूत्रों, जनोपयोगी जानकारियों और क्षेत्र के विकास से जुड़े विषयों को समाहित किया गया है, जिससे यह क्षेत्रवासियों के लिए एक उपयोगी मार्गदर्शिका बनेगी।

कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने पत्रिका का अवलोकन करते हुए कहा कि ऐसे जनहितकारी प्रकाशन नागरिकों को आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराने के साथ समाज में जागरूकता, सकारात्मक संवाद और जनसहभागिता को भी बढ़ावा देते हैं। उन्होंने इस सराहनीय प्रयास के लिए राजनगर आरडब्ल्यूए की पूरी टीम को बधाई एवं शुभकामनाएं दीं।

आरडब्ल्यूए पदाधिकारियों ने विश्वास जताया कि 'सुरभि-2026' पत्रिका क्षेत्र के प्रत्येक नागरिक के लिए उपयोगी साबित होगी और सामाजिक सहभागिता तथा जागरूकता को और अधिक सशक्त बनाएगी।

# एमएमजी अस्पताल में मेडिकल स्टाफ से मारपीट पर बवाल, हड़ताल के बाद सीएमएस के हस्तक्षेप से बहाल हुईं सेवाएं





कपिल चौहान

**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** जिला एमएमजी चिकित्सालय में बुधवार को मरीज के एक अटेंडेंट और मेडिकल स्टाफ के बीच मामूली विवाद ने बड़ा रूप ले लिया। बताया गया कि मरीज के बेड के आसपास पर्दा लगाने को लेकर शुरू हुए विवाद के दौरान अटेंडेंट ने मेडिकल स्टाफ के साथ कथित मारपीट कर दी। घटना के बाद अस्पताल परिसर में हंगामा मच गया।

मेडिकल स्टाफ के साथ हुई मारपीट और बदसलूकी से नाराज कर्मचारियों ने विरोध स्वरूप कार्य का बहिष्कार कर हड़ताल शुरू कर दी, जिससे कुछ समय के लिए अस्पताल की स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित रहीं।

मामले की जानकारी मिलने पर जिला अस्पताल के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक (सीएमएस) डॉ. राकेश कुमार मौके पर पहुंचे। उन्होंने मेडिकल स्टाफ से वार्ता कर उन्हें शांत कराया और दोषियों के खिलाफ उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। इसके बाद कर्मचारियों ने हड़ताल समाप्त कर अपनी सेवाएं दोबारा शुरू कर दीं।

सीएमएस डॉ. राकेश कुमार ने बताया कि अस्पताल में शांति व्यवस्था कायम कर दी गई है और मरीजों के उपचार में किसी प्रकार की बाधा नहीं आने दी जाएगी। मामले में आवश्यक कार्रवाई की जा रही है।

# एकेटीयू दीक्षांत समारोह में आईपीईसी के स्टार्टअप को मिला बेस्ट टेक-इनोवेशन अवॉर्ड

वेलकम इंडिया संवाददाता



**साहिबाबाद।** डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय (एकेटीयू), लखनऊ के 24वें दीक्षांत समारोह में इंद्रप्रस्थ इंजीनियरिंग कॉलेज के छात्र सोनू भगत के स्टार्टअप डमार्शुद्धि एलएलपी को 'बेस्ट टेक-इनोवेशन स्टूडेंट स्टार्टअप अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया। उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने स्टार्टअप को यह सम्मान तकनीक आधारित नवाचार और स्वास्थ्य क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए प्रदान किया। राजधानी लखनऊ में आयोजित समारोह में मुख्य अतिथि इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) के चेयरमैन अरविंद सिंह साहनी, प्राविधिक शिक्षा मंत्री ई. आशीष पटेल, प्रमुख सचिव डॉ. एम.के. शनमुगा सुंदरम तथा एकेटीयू के कुलपति डॉ. जे.पी. पांडेय भी उपस्थित रहे। डमार्शुद्धि एलएलपी ने उन्नत तकनीकों के माध्यम से स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी वास्तविक समस्याओं के समाधान विकसित कर छात्र नवाचार और तकनीकी उद्यमिता का प्रभावी उदाहरण प्रस्तुत किया है। यह उपलब्धि अनुसंधान, नवाचार तकनीकों के विकास के प्रति स्टार्टअप की प्रतिबद्धता को दशार्ती है।

इस अवसर पर आईपीईसी के वाइस चेयरमैन पुनीत अग्रवाल, निदेशक डॉ. डी.के. शर्मा, आईपीईसी-टीबीआई के सीईओ साजिद रजा तथा सपना शर्मा ने स्टार्टअप टीम को बधाई।

# मकान पर आकाशीय बिजली गिरने से लाखों का सामान क्षतिग्रस्त



वेलकम इंडिया संवाददाता

**मोदीनगर।** खराब मौसम के चलते बुधवार को गोविंदपुरी कॉलोनी में एक मकान पर आकाशीय बिजली गिरने से मकान में रखा लाखों का सामान क्षतिग्रस्त हो गया। लेकिन गनीमत यह रही कोई जान की हानि नहीं हुई। जानकारी के मुताबिक गोविंदपुरी कॉलोनी में हारून के मकान पर पर बुधवार को मौसम की खराब के चलते तेज धमाके के साथ आकाश यह बिजली मीटर से होकर छत को चीरते हुए बाहर निकल गई। घटना के समय परिवार के सभी सदस्य एक ही कमरे में मौजूद थे, जिससे किसी की जान नहीं गई। हालांकि परिवार की एक लड़की को हल्की चोट आई है, जबकि घर में रखा लाखों रुपये का सामान क्षतिग्रस्त हो गया। पीड़ित हारून ने बताया कि बुधवार दोपहर के समय तेज बारिश और गरज-चमक के बीच अचानक जोरदार धमाका हुआ।

इसके बाद पता चला कि उनके मकान पर आकाशीय बिजली गिरी है। उनके अनुसार बिजली पहले बिजली के मीटर से होकर पूरे घर की वायरिंग में फैल गई और फिर छत को नुकसान पहुंचाते हुए बाहर निकल गई। धमाका इतना तेज था कि पूरे परिवार में दहशत फैल गई और आसपास के लोग भी अपने घरों से बाहर निकल आए।परिजनों ने बताया कि बारिश होने के कारण सभी लोग एक ही कमरे में बैठे हुए थे। इसी दौरान परिवार की एक लड़की बिजली की चपेट में आ गई, जिसे हल्की चोटें आईं। उसे तुरंत प्राथमिक उपचार दिया गया। राहत की बात यह रही कि परिवार के किसी भी सदस्य को गंभीर चोट नहीं पहुंची।

हारून के अनुसार आकाशीय बिजली गिरने से घर में लगी पूरी बिजली की फिटिंग जल गई। इसके अलावा दो एलईडी टीवी, फ्रिज, इनवर्टर सहित कई इलेक्ट्रॉनिक उपकरण पूरी तरह खराब हो गए। उन्होंने इस घटना में लाखों रुपये के नुकसान का अनुमान बताया है। घटना के बाद कॉलोनी के लोगों में दहशत का माहौल है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि बिजली का प्रभाव थोड़ा और अधिक होता या परिवार के सदस्य अलग-अलग कमरों में होते, तो बड़ा हादसा हो सकता था। फिलहाल परिवार सुरक्षित है, लेकिन इस घटना ने क्षेत्र के लोगों को प्राकृतिक आपदाओं के प्रति सतर्क रहने की सीख दी है।

# मसूरी पुलिस का सटीक एक्शन: 2.25 लाख लूटकांड का आखिरी आरोपी गिरफ्तार, नकदी और बाइक बरामद

कपिल चौहान

**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** मसूरी थाना पुलिस ने 2.25 लाख की लूट की वारदात का सफल खुलासा करते हुए फरार चल रहे चौथे और अंतिम आरोपी शोएब को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी के कब्जे से लूटे गए 45 हजार नकद तथा वारदात में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की गई है। पुलिस के अनुसार, 5 जुलाई को फैक्ट्री से भेजे गए 2.25 लाख रुपये बाइक सवार बदमाशों ने लूट लिए थे। मामले में तत्काल मुकदमा दर्ज कर स्वाट टीम और मसूरी पुलिस ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए पहले ही तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर 1.67 लाख की बरामदगी कर ली थी। मुखबिर की सूचना पर की गई कार्रवाई में चौथे आरोपी की



गिरफ्तारी के साथ ही पुलिस ने लूटकांड के सभी आरोपियों को सलाखों के पीछे पहुंचा दिया। मामले में अग्रिम वैधानिक कार्रवाई जारी है।

# गाजियाबाद यातायात पुलिस एवं लोक निर्माण विभाग के संयुक्त प्रयास से मेरठ रोड पर यातायात हुआ सुगम

ब्रज पवार

**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** मेरठ रोड पर पी-652 एवं पी-702 के सामने सड़क पर बने गहरे गड्ढों के कारण प्रतिदिन यातायात बाधित हो रहा था तथा जाम की स्थिति उत्पन्न हो रही थी। लोक निर्माण विभाग के सहयोग से उक्त गड्ढों को भरवाकर सड़क को यातायात हेतु सुगम बनाया गया। मरम्मत के पश्चात मार्ग पर यातायात सामान्य रूप से संचालित हो रहा है एवं जाम की समस्या का प्रभावी समाधान हुआ है। इस कार्य के लिए स्थानीय नागरिकों एवं राहगीरों द्वारा प्रसन्नता व्यक्त की गई तथा पुलिस एवं





लोक निर्माण विभाग के संयुक्त प्रयासों की सराहना की गई।

उक्त कार्य यातायात निरीक्षक अजय यादव एवं मार्शल-8 पर नियुक्त उपनिरीक्षक विक्रम सिंह के प्रयासों से संभव हो पाया।

इस महीने में शुरू होने वाली कावड़ यात्रा को देखते हुए मेरठ रोड को गड्ढा मुक्त किया जाएगा। जिससे कावड़ियों को यात्रा के दौरान किसी तरह की कोई परेशानी न हो। यातायात निरक्षक अजय यादव ने बताया कि यातायात व्यवस्था को सुचारू रूप से चलाने और यात्रियों को किसी भी तरह की परेशानी न होने देने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा।

# रोटरी क्लब ऑफ गाज़ियाबाद आइडियल ने सेवा प्रकल्प से किया नए रोटरी वर्ष का आगाज

## 'लक्ष्य पाठशाला' में कंप्यूटर, इन्वर्टर बैटरियां और स्कूल बैग वितरित, शिक्षा सशक्तीकरण का दिया संदेश

वेलकम इंडिया संवाददाता









**गाजियाबाद।** रोटरी क्लब ऑफ गाज़ियाबाद आइडियल ने रोटरी वर्ष 2026-27 की शुरूआत सेवा प्रकल्प के साथ करते हुए 'लक्ष्य पाठशाला' में विद्यार्थियों के लिए विभिन्न शैक्षिक संसाधन उपलब्ध कराए। क्लब ने विद्यालय को तीन कंप्यूटर सेट, इन्वर्टर बैटरियां भेंट कीं तथा विद्यार्थियों को स्कूल बैग वितरित किए, ताकि उनकी शिक्षा और अध्ययन सुविधाओं को बेहतर बनाया जा सके।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटेरियन अमित गुप्ता तथा विशिष्ट अतिथि असिस्टेंट गवर्नर रोटेरियन सचिन गुप्ता रहे। इस अवसर पर डिस्ट्रिक्ट सेक्रेटरी रोटेरियन स्वाति जैन सहित क्लब एवं रोटरी जिले के अनेक वरिष्ठ रोटेरियन्स उपस्थित रहे।

सेवा प्रकल्प के अंतर्गत रोटेरियन विजय सिंघल एवं कविता सिंघल ने विद्यालय को तीन कंप्यूटर भेंट किए। रोटेरियन स्वाति जैन ने विद्यार्थियों के लिए स्कूल बैग उपलब्ध कराए, जबकि रोटेरियन संजीव शर्मा ने बच्चों के लिए अल्पाहार की व्यवस्था कर सेवा भावना का परिचय दिया। कार्यक्रम में रोटेरियन विनोद जैन, मनीन्दर बत्रा, रिपुल त्यागी, संजीव शर्मा, नीरज अग्रवाल, नीरज कंसल एवं डॉ. अभिषेक रस्तोगी सहित क्लब के अनेक सदस्यों ने सक्रिय सहभागिता निभाई।

अपने संबोधन में डिस्ट्रिक्ट गवर्नर अमित गुप्ता ने क्लब द्वारा रोटरी वर्ष के पहले ही प्रकल्प के माध्यम से शिक्षा के क्षेत्र में किए गए प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे सेवा कार्य समाज में सकारात्मक और स्थायी परिवर्तन लाने का प्रभावी माध्यम हैं। क्लब की अध्यक्ष रोटेरियन डॉ. स्वाति अग्रवाल ने सभी अतिथियों, सहयोगियों एवं सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि क्लब वर्षभर शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण एवं सामुदायिक विकास से जुड़े सेवा प्रकल्पों का आयोजन करता रहेगा। उन्होंने सभी सदस्यों से समाजहित के कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम का संचालन एवं समन्वय क्लब की सचिव रोटेरियन अंशु कंसल, कोषाध्यक्ष रोटेरियन डॉ. प्रतिभा रस्तोगी तथा सी.एल.एफ. रोटेरियन स्वाति जैन के सहयोग से संपन्न हुआ। कार्यक्रम के समापन पर रोटरी क्लब ऑफ गाज़ियाबाद आइडियल ने सभी सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए रोटरी के ध्येय 'क्रिएट लास्टिंग इम्पैक्ट' (स्थायी सकारात्मक प्रभाव) को समाज के हर वर्ग तक पहुंचाने का संकल्प दोहराया।

# वृक्षारोपण महायज्ञ-2026: पेंटिंग प्रतियोगिता के विजेताओं का सम्मान, शिक्षण संस्थानों से मांगा जनभागीदारी का सहयोग

## डीएम बोले–वृक्ष मानव जीवन का आधार

वेलकम इंडिया संवाददाता



**गाजियाबाद।** वृक्षारोपण महायज्ञ-2026 के तहत महात्मा गांधी सभागार, कलेक्ट्रेट में जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मॉंदड़ की अध्यक्षता में शिक्षण संस्थानों के प्रतिनिधियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान सहित जनपद में व्यापक वृक्षारोपण एवं पौधों के संरक्षण को जनआंदोलन बनाने की रणनीति पर चर्चा की गई। इस अवसर पर इंटर स्कूल पेंटिंग प्रतियोगिता के विजेता छात्र-छात्राओं को प्रशस्ति-पत्र एवं पुरस्कार देकर सम्मानित भी किया गया।

बैठक को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण आज की सबसे बड़ी आवश्यकता है और वृक्षारोपण केवल सरकारी अभियान नहीं, बल्कि जनभागीदारी का आंदोलन बनना चाहिए। उन्होंने विद्यालयों और महाविद्यालयों से छात्र-छात्राओं को वृक्षारोपण एवं पौधों के संरक्षण के प्रति प्रेरित करने तथा पर्यावरण, जलवायु परिवर्तन, जैव विविधता और हरित जीवन शैली पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित करने का आह्वान किया।

उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को अपने परिवार और समाज को भी पौधारोपण के लिए प्रेरित करना चाहिए, ताकि लगाए गए पौधों का संरक्षण सुनिश्चित हो सके। जिलाधिकारी ने दोहराया कि 'वृक्ष मानव जीवन के आधार हैं और आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाना और उनका संरक्षण करना समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है।' बैठक में उपस्थित शिक्षण संस्थानों के प्रतिनिधियों और अधिकारियों ने वृक्षारोपण महायज्ञ-2026 को सफल बनाने के लिए पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।

इस दौरान 3 जुलाई को आयोजित इंटर स्कूल पेंटिंग प्रतियोगिता के विजेताओं को भी सम्मानित किया गया। पर्यावरण संरक्षण, हरित विकास और वृक्षों के महत्व विषय पर आयोजित इस प्रतियोगिता में जनपद के छह विद्यालयों के 120 छात्र-छात्राओं ने भाग लिया था। प्रतियोगिता में सिल्वर लाइन प्रेस्टीज स्कूल के कुशाग्र चौधरी एवं डीपीएस मोदीनगर की कसवी चौधरी ने प्रथम पुरस्कार प्राप्त किया। द्वितीय पुरस्कार वंशिका पानाची (सिल्वर लाइन प्रेस्टीज स्कूल) एवं मैत्री सिंघल (डीपीएस मोदीनगर) को मिला, जबकि तृतीय पुरस्कार ऋत्विक पयासी (सिल्वर लाइन प्रेस्टीज स्कूल) एवं अदिति (डीपीएस मोदीनगर) को प्रदान किया गया। अतिशा दुबे, पूर्व कौशिक तथा पाखी सैनी को सांत्वना पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य विकास अधिकारी, जिला विद्यालय निरीक्षक, बेसिक शिक्षा अधिकारी, उप प्रभागीय वन अधिकारी डॉ. सलोनी, क्षेत्रीय वन अधिकारी श्रीमती निमी कुचिया, क्षेत्रीय वन अधिकारी अमित सिंह सहित विभिन्न सरकारी एवं गैर-सरकारी शिक्षण संस्थानों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। सभी ने विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रतिभा की सराहना करते हुए पर्यावरण संरक्षण के प्रति उनके योगदान की प्रशंसा की।

# वन महोत्सव सप्ताहः जादू के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश, विद्यार्थियों ने लिया प्रकृति बचाने का संकल्प

वेलकम इंडिया संवाददाता






**गाजियाबाद।** वन महोत्सव सप्ताह के अंतर्गत गाजियाबाद रेंज द्वारा बुधवार को पर्यावरण संरक्षण के प्रति जनजागरूकता फैलाने के उद्देश्य से विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में प्रसिद्ध जादूगर एवं 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के ब्रांड एंबेसडर वी सम्राट ने अपनी जादुई प्रस्तुतियों के माध्यम से विद्यार्थियों और आमजन को पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया।

कार्यक्रम का आयोजन पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय, कमला नेहरू नगर, अवार्चीन पब्लिक स्कूल, साहिबाबाद तथा चौधरी मोड़, पुराना बस अड्डा, गाजियाबाद में किया गया। वी सम्राट ने जादू के रोचक करतबों के साथ वृक्षारोपण, जल संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण का महत्व समझाते हुए लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने का आह्वान किया। जादुई प्रस्तुतियों के माध्यम से दिए गए संदेशों का विद्यार्थियों पर सकारात्मक प्रभाव देखने को मिला। बच्चों ने पूरे उत्साह के साथ कार्यक्रम में भाग लिया और पर्यावरण संरक्षण के लिए अपनी सक्रिय भागीदारी का संकल्प लिया। स्थानीय लोगों ने भी कार्यक्रम की सराहना करते हुए इसे जनजागरूकता का प्रभावी माध्यम बताया।

कार्यक्रम में क्षेत्रीय वन अधिकारी गाजियाबाद श्रीमती निमी कुचिया के नेतृत्व में गाजियाबाद रेंज के वन दरोगा, वन रक्षक एवं अन्य वन कर्मियों ने सहभागिता की। इसके अलावा विद्यालयों के शिक्षकगण, बड़ी संख्या में विद्यार्थी तथा स्थानीय नागरिक भी उपस्थित रहे। वन विभाग का मानना है कि मनोरंजन के साथ संदेश देने वाले ऐसे कार्यक्रम पर्यावरण संरक्षण के प्रति समाज में जागरूकता बढ़ाने का प्रभावी माध्यम बन रहे हैं। वन महोत्सव सप्ताह के दौरान जिले में इसी प्रकार के विभिन्न जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, ताकि अधिक से अधिक लोगों को प्रकृति संरक्षण के अभियान से जोड़ा जा सके।

# कांवड़ यात्रा की तैयारियां तेज, डीएम-एडिशनल पुलिस आयुक्त ने अधिकारियों को दिए सख्त निर्देश

## श्रद्धालुओं की सुरक्षा, स्वच्छता, यातायात और स्वास्थ्य सुविधाओं पर रहेगा विशेष फोकस

वेलकम इंडिया संवाददाता





**गाजियाबाद।** श्रावण मास में आयोजित होने वाली कांवड़ यात्रा एवं सिद्धपीठ श्री दुग्धेश्वरनाथ महादेव मंदिर में श्रावण शिवरात्रि के अवसर पर होने वाले जलाभिषेक को शांतिपूर्ण, सुरक्षित और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने तैयारियां तेज कर दी हैं। इसी क्रम में जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मॉंदड़ एवं एडिशनल पुलिस आयुक्त राज करन नय्यर की संयुक्त अध्यक्षता में समन्वय बैठक आयोजित की गई, जिसमें विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ जनप्रतिनिधि एवं मंदिर प्रबंधन भी शामिल हुआ। बैठक में जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि कांवड़ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुविधा और निर्बाध आवागमन प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ निर्धारित समय सीमा में तैयारियां पूरी करें तथा किसी भी स्तर पर लापरवाही न बरती जाए। बैठक में नगर निगम को कांवड़ मार्ग, शिव मंदिरों और आसपास के क्षेत्रों में विशेष स्वच्छता अभियान चलाने, नियमित सफाई, कूड़ा उठान, नालियों की सफाई, फॉगिंग और एंटी-लार्वा छिड़काव सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। पेयजल विभाग को प्रमुख मार्गों एवं विश्राम स्थलों पर स्वच्छ पेयजल उपलब्ध कराने तथा आवश्यकता अनुसार अस्थायी जल केंद्र स्थापित करने को कहा गया। स्वास्थ्य विभाग को कांवड़ मार्ग और प्रमुख मंदिरों के निकट चिकित्सा शिविर स्थापित करने, पर्याप्त चिकित्सक, पैरामेडिकल स्टाफ, जीवनरक्षक दवाइयां, प्राथमिक उपचार सामग्री एवं एम्बुलेंस उपलब्ध रखने के निर्देश दिए गए। वहीं विद्युत विभाग को निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने के साथ सभी विद्युत लाइनों, ट्रांसफार्मरों एवं स्ट्रीट लाइटों की पूर्व जांच एवं मरम्मत करने के निर्देश दिए गए। लोक निर्माण विभाग को कांवड़ मार्ग पर गड्ढों की मरम्मत, क्षतिग्रस्त सड़कों को दुरुस्त करने, बैरिकेडिंग और दिशा-सूचक बोर्ड लगाने के निर्देश दिए गए। साथ ही प्रमुख स्थलों पर पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, सार्वजनिक एवं मोबाइल शौचालय तथा विश्राम स्थलों की व्यवस्था सुनिश्चित करने को कहा गया।

यातायात व्यवस्था की समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी एवं एडिशनल पुलिस आयुक्त ने पुलिस एवं यातायात विभाग को प्रभावी ट्रैफिक प्लान लागू करने, संवेदनशील स्थानों पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात करने तथा डायवर्जन योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए। सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत बनाने के लिए सीसीटीवी कैमरों, ड्रोन और अन्य तकनीकी संसाधनों के उपयोग पर भी जोर दिया गया। भीड़ प्रबंधन के लिए पुलिस, प्रशासन एवं सिविल डिफेंस के स्वयंसेवकों की संयुक्त तैनाती सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए।

बैठक के अंत में जिलाधिकारी ने सभी विभागों को निर्देश दिए कि कांवड़ यात्रा शुरू होने से पहले सभी तैयारियां पूरी कर ली जाएं तथा नियमित स्थलीय निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की समीक्षा की जाए, ताकि श्रावण मास के सभी धार्मिक आयोजन शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं गरिमापूर्ण वातावरण में संपन्न कराए जा सकें।

# गाजियाबाद में मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना व डीबीटी योजनाओं का शुभारंभ

## हिन्दी भवन में मुख्यमंत्री के संबोधन का हुआ सजीव प्रसारण, शिक्षकों को मिले कैशलेस चिकित्सा कार्ड, विद्यार्थियों को डीबीटी का लाभ

वेलकम इंडिया संवाददाता





**गाजियाबाद।** उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वाकांक्षी मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना तथा विद्यार्थियों के लिए डीबीटी (प्रत्यक्ष लाभ अंतरण) के माध्यम से यूनिफॉर्म, जूते, स्कूल बैग एवं स्टेशनरी हेतु धनराशि वितरण योजना का जनपद गाजियाबाद में भव्य शुभारंभ किया गया। हिन्दी भवन, लोहियानगर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के वाराणसी से किए गए शुभारंभ एवं संबोधन का सजीव प्रसारण भी दिखाया गया।

कार्यक्रम का शुभारंभ उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री (इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी) सुनील कुमार शर्मा सहित जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी, गाजियाबाद विधायक संजीव शर्मा समेत अनेक जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। अपने संबोधन में कैबिनेट मंत्री सुनील कुमार शर्मा ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश सरकार शिक्षा, स्वास्थ्य एवं जनकल्याण के क्षेत्र में लगातार नए आयाम स्थापित कर रही है। उन्होंने कहा कि शिक्षकों को कैशलेस चिकित्सा सुविधा और विद्यार्थियों को डीबीटी के माध्यम से आर्थिक सहायता उपलब्ध कराना सरकार की संवेदनशील एवं जनहितैषी सोच का परिचायक है। उन्होंने लाभार्थियों से योजनाओं का अधिकतम लाभ उठाने का आह्वान किया।

जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मॉंदड़ ने कहा कि प्रदेश सरकार की ये योजनाएं शिक्षा व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ एवं प्रभावी बनाएंगी। उन्होंने भरोसा दिलाया कि सभी पात्र लाभार्थियों तक योजनाओं का लाभ पूरी पारदर्शिता के साथ पहुंचाया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने शिक्षकों को मुख्यमंत्री शिक्षक कैशलेस चिकित्सा योजना के कार्ड वितरित किए तथा पात्र विद्यार्थियों को डीबीटी योजना के लाभ से संबंधित जानकारी दी। उपस्थित लोगों ने मुख्यमंत्री के संबोधन का सामूहिक रूप से अवलोकन किया।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी कुमार सौरभ, जिला विद्यालय निरीक्षक बुद्धप्रिय सिंह, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ओ.पी. यादव, भारतीय स्टेट बैंक की मुख्य प्रबंधक आकांक्षा त्रिपाठी, एससीएम रविंद्र गहलोत सहित अनेक प्रशासनिक अधिकारी, शिक्षक, विद्यालय प्रबंधक एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। जिले में इस कार्यक्रम के समानांतर आयोजन मोदीनगर (भोजपुर ब्लॉक संसाधन केंद्र) और लोनी में भी किए गए, जहां मुख्यमंत्री के संबोधन का सीधा प्रसारण दिखाया गया। भोजपुर में कार्यक्रम की अध्यक्षता ब्लॉक प्रमुख सुचित्रा सिंह तथा लोनी में विधायक नंद किशोर गुर्जर ने की।

बेसिक शिक्षा विभाग एवं माध्यमिक शिक्षा विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में जनपद स्तर पर लगभग 600, लोनी में 200 तथा भोजपुर में 150 प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान एवं सभी आगंतुकों के प्रति आभार ज्ञापन के साथ हुआ।

# कोडीन कफ सिरप तस्करी के मास्टरमाइंड पर बड़ी कार्रवाई, विभोर राणा और विशाल सिंह एनडीपीएस एक्ट में निरुद्ध

कपिल चौहान








**गाजियाबाद (वेलकम इंडिया)।** कोडीनयुक्त कफ सिरप की बड़े पैमाने पर तस्करी करने वाले दो शातिर आरोपियों विभोर राणा और विशाल सिंह के खिलाफ जिला प्रशासन ने एनडीपीएस एक्ट, 1988 के तहत कड़ी कार्रवाई करते हुए निरुद्ध (डिटेन) कर दिया है। पुलिस का कहना है कि दोनों लंबे समय से अवैध मादक पदार्थों की तस्करी में सक्रिय थे और उनके विरुद्ध पर्याप्त साक्ष्य मिलने के बाद यह कार्रवाई की गई है।

पुलिस के अनुसार, 3-4 नवंबर 2025 की रात स्वॉट टीम अपराध शाखा और थाना नंदग्राम पुलिस ने मेरठ रोड स्थित एक ट्रांसपोर्ट गोदाम पर संयुक्त छापेमारी की थी। इस दौरान आठ आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था। कार्रवाई में चार ट्रकों से 1,150 पेटी कोडीनयुक्त कफ सिरप बरामद की गई थी, जिनमें 850 पेटी एस्कफ और 300 पेटी फेनसिडिल शामिल थीं। इसके अलावा एक क्रेटा कार, 10 मोबाइल फोन, सिम कार्ड तथा फर्जी मोहरें भी बरामद की गई थीं।

इस मामले में थाना नंदग्राम में एनडीपीएस एक्ट और भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया था। विवेचना के दौरान मिले साक्ष्यों के आधार पर सहारनपुर निवासी विभोर राणा और विशाल सिंह की भूमिका सामने आई। दोनों को गिरफ्तार कर न्यायालय में आरोप पत्र भी दाखिल किया जा चुका है।

पुलिस जांच में यह भी सामने आया कि दोनों आरोपी लंबे समय से कोडीनयुक्त कफ सिरप की अवैध तस्करी के नेटवर्क से जुड़े थे तथा उनका आपराधिक इतिहास भी रहा है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार, सार्वजनिक सुरक्षा और मादक पदार्थों की अवैध तस्करी पर प्रभावी अंकुश लगाने के उद्देश्य से दोनों के विरुद्ध निरुद्धि की कार्रवाई की गई है।

पुलिस का कहना है कि जनपद में नशे के अवैध कारोबार के खिलाफ अभियान आगे भी इसी सख्ती के साथ जारी रहेगा और ऐसे अपराधों में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।